तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 27 फरवरी 2025



नगर सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की चल रही तैयारी का निरीक्षण करते पुलिस अफसर।



## कानन पेण्डारी के कीपर को जहरीले कीड़े ने काटा

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू के जू कीपर को जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार सुरेश लहरे कानन पेण्डारी मीडियम जू के भालू के केज की देखरेख करता है। प्रतिदिन की तरह बुधवार की दोपहर को वह भालू के केज के पास था। इस दौरान उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। कीड़े के काटने से जू कीपर तड़पने लगा, जिसे मौके पर मौजूद अन्य स्टाफ ने देखने के बाद तत्काल उपचार के लिए सिम्स हास्पिटल में भर्ती कराया। कानन प्रबंधन के अनुसार जू कीपर को जहरीले कीड़े ने काटा है या फिर सांप ने डंसा है, इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। फिलहाल जू कीपर का उपचार सिम्स हास्पिटल में किया जा रहा है।

# हैदराबाद की कंपनी पीपीपी मोड पर बना रही वाटर फाल, क्रूज रेस्टोरेंट एडवेंचर पार्क, स्मार्ट सिटी को मिलेगा सालाना 11 लाख किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा के पुराने पुल और इंदिरा सेतु के बीच बनाए गए रिवर व्यू को संवारा जा रहा है। यहां देश का पहला इंडोर गार्डन, वाटर फाल, क्रूज रेस्टोरेंट और एडवेंचर पार्क बनाया जा रहा है। स्मार्ट सिटी ने इसी जगह पर इसके साथ ही वाटर स्पोर्ट्स, मल्टीप्लेक्स और रेस्टोरेंट बनाने के लिए पीपीपी मोड पर ढाई करोड़ का टेंडर दिया है। इसका काम हैदराबाद की कंपनी ईसीएचटी कांग्लोमेरेट प्राइवेट लिमिटेड को मिला है। कंपनी इस जगह को पूरी तरह डेवलप करेगी और उसके बदले निगम को रायल्टी देगी। इसकी एवज में स्मार्ट सिटी को कंपनी की ओर से 11 लाख रुपए सालाना किराया दिया जाएगा। कंपनी ने काम शुरू करते हुए निगम को किराया देना भी शुरू कर दिया है। मैदान को समतल करने और गार्डन बनाने का काम जारी है।

गौरतलब है कि अरपा के दोनों किनारों पर 1800-1800 मीटर फोरलेन रोड के निर्माण के लिए साल 2021 में 100 करोड़ का वर्क आर्डर किया गया था। इसका काम फरवरी 2023 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन इसमें देरी हुई। इसके बाद स्मार्ट सिटी ने फैसला लिया है कि प्रथम चरण में इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक नदी के दोनों किनारे 600-600 मीटर रोड निर्माण किया जाएगा। 23 नवंबर को इसका उद्घाटन भी करा दिया गया। इसमें चांटापारा तरफ की 600 मीटर का काम पूरा किया गया है तो सरकंडा की तरफ का काम जारी है।



### ठेका कंपनी मौके पर खर्च करेगी ढाई करोड़

स्मार्ट सिटी के मुताबिक सारा काम और इस पूरे प्रोजेक्ट का संचालन पीपीपी मोड पर होगा। हैदराबाद की कंपनी मौके पर ढाई करोड़ रुपए खर्च कर उद्यान, बेक्वेट, मल्टी प्लेक्स, फूड काउंटर, गेमिंग जोन, रेस्टोरेंट और वाटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इसकी एवज में स्मार्ट सिटी को वह 11 लाख रुपए सालाना किराया देगी। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने इसके अलावा बताया कि इंदिरा सेतु से दाईं ओर सड़क पर डिवाइडर के बीच में 60 स्ट्रीट लाइटें लगाईं गईं हैं। डब्ल्यूबीएम, बीसी कोट, इंदिरा सेतु के पास ज्वायंट एक्सपांशन स्लैब, रोड सेफ्टी के बोर्ड, फुटपाथ, नदी किनारे प्लांटेशन, स्ट्रीट लाइट का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं बाईं ओर की रोड बनाने का काम भी तेजी से जारी है।

### नए रिवर व्यू में बन रहा देश का पहला इंडोर गार्डन, बेंक्वेट, मल्टी प्लेक्स भी होंगे

#### ओपन थिएटर के साथ हो सकेगी बोटिंग

अब स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने प्रोजेक्ट को नए लुक के साथ पेश करने के लिए वाटर स्पोर्ट्स, मल्टीप्लेक्स, ओपन थिएटर के निर्माण के लिए पीपीपी मोड पर ठेका दिया है। अधिकारियों के मुताबिक निर्माणाधीन सड़क के किनारे रिक्त बड़े भू-भाग को पिकनिक स्पाट के रूप में विकसित किया जाएगा। दावा है कि अरपा पर पचरीघाट बैराज के निर्माण से नदी में बारह महीने जल भराव होगा, इसलिए नदी की इस जल राशि का उपयोग बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स आदि के लिए किया जा सकेगा।

#### संवारा जा रहा रिवरव्यू

रिवर व्यू को संवारा जा रहा है। यहां देश का पहला इंडोर गार्डन, वाटर फाल, क्रूज रेस्टोरेंट और एडवेंचर पार्क बनाया जा रहा है। इसके साथ ही वाटर स्पोर्ट्स, मल्टीप्लेक्स और रेस्टोरेंट बनाने के लिए पीपीपी मोड पर हैदराबाद की एक कंपनी को काम दिया गया है। यहां बेक्वेट, मल्टी प्लेक्स, फूड काउंटर भी होंगे।

**- अमित कुमार**, एमडी, स्मार्ट सिटी

### 300 करोड़ रुपए के लेनदेन का खुलासा, 97 लाख फ्रीज

# जालसाजों को कमीशन में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 19 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनलाइन ठगी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दूसरे राज्यों से आनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों को कमिशन में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 19 खाताधारकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके बैंक खातों से 300 करोड़ से अधिक लेनदेन होने का खुलासा हुआ है। वहीं पुलिस ने 97 लाख रुपए फ्रीज कराया है। पुलिस ने खातेधारकों को गिरफ्तार कर लिया है।

- 10 टीम बनाकर पुलिस ने किया बड़ा

एडीशनल एसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को आनलाइन ठगी के मामले में उपयोग होने वाले बैंक खाताधारकों की पतासाजी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राजस्थान अलवर, झारखंड जामताड़ा जैसे अन्य स्थानों से जालसाज अलग अलग राज्यों से एजेंट भेंजकर कमिशन में लोगों का बैंक खाता लेकर उसमें ठगी के रकम लेनदेन में उपयोग कर रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देश पर आईजी डा. संजीव शुक्ला, एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में पुलिस की 10 से अधिक टीम बनाकर जिले के विभिन्न बैंको में आनलाइन ठगी के मामले होल्ड खाताधारकों की पतासाजी कराई। उक्त बैंक खाते का उपयोग आनलाइन ठगी शेयर ट्रेडिंग फर्जी एप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गुगल सर्च जैसे साइबर अपराध में रकम लेनदेन का उपयोग किया गया है। उसके बाद रेंज स्तरीय साइबर थाना में अज्ञात बैंक खाताधारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने पी.ओ, एस एजेंट फर्जी सिमकार्ड बेचने वाले, कोटक महिन्द्रा बैंक, एक्सिस बैंक कर्मचारी सहित म्यूल बैंक अकाउंट दूसरे के नाम से होना पाए जाने पर तकनीकी साक्ष्य के आरोपियों से कनेक्ट होने पर 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके बैंक खातों से 300 करोड़ रुपए के लेनदेन करने का खुलासा हुआ है। वहीं 97 लाख रुपए फ्रीज कराए गए हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आनलाइन ठगी के आरोपी।

### पकड़े गए आरोपी

- सत्यनारायण पटेल पिता स्व. मंगलू पटेल 48 साल सेंदरी आवासपारा
- राकेश भेड़पाल पिता रामनाथ भेड़पाल 26 साल सेंदरी भेडपाल मोहल्ला
- दुर्गेश केंवट पिता सीताराम केंवट 27 साल वार्ड नम्बर 18 आवासपारा सेंदरी
- शिवशंकर यादव पिता लक्ष्मण यादव 19 साल डीपूपारा गगन अपार्टमेंट
- राजकुमार पिता शिवनाथ पाल 44 साल सेंदरी
- नंदकुमार केंवट पिता समारू केंवट 27 साल इटवापाली मस्तूरी
- दीपेश कुमार निर्मलकर पिता राजाराम निर्मलकर 24 साल तारबाहर नगीना मस्जिद के पास
- सुरेश सिंह पिता रतन सिंह 58 साल सेंदरी वार्ड नम्बर 1
- शेख चतुर्थी पिता रामचरण चतुर्थी 23 साल कोटा हालमुकाम शुभम विहार
- रोशन कुमार साहू पिता लखन लाल साहू 25 साल लिमतरा सक्ति हालमुकाम अज्ञेय नगर
- कुनाल मंडावी पिता भुवन कुमार मंडावी 21 साल बलौदाबाजार
- प्रथम सोनी पिता उदय सोनी 19 सा करगीरोड कोटा
- दीपांशु साहू पिता देवी प्रसाद साहू 19 साल कोटा
- अमन तिवारी पिता लक्ष्मीनारायण तिवारी 21 साल कोटा
- रामलाल यादव पिता भूषण यादव 25 साल खैरा मस्तूरी
- अमित पाल पिता हिमांचल पाल खैरा मस्तूरी
- अब्दुल रिशंद पिता अब्दुल मजीद 40 साल तालापारा
- मुख्तार खान पिता रशिद खान 25 साल तालापारा
- गुज्जला जगदीश कुमार पिता जी कामेश्वर राव 30 साल हेमूनगर तोरवा

### क्या होता है मनी म्यूल

मनी म्यूल उस व्यक्ति को कहते हैं, जिसके बैंक अकाउंट, डिजिटल वॉलेट या अन्य वित्तीय माध्यमों का उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम या अवैध धन को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने में करते हैं। ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए जालसाजों को बैंक खाते या वॉलेट की जरूरत पड़ती है। इसके लिए मनी म्यूल बनाते हैं। किसी व्यक्ति को पैसा, नौकरी, ईनाम या निवेश का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं। इसी मनी म्यूल बैंक खाते में पैसा जमा कराकर ठगी करते हैं, जिससे जालसाजों की पहचान छिपी रहती है। मनी म्यूल बनना एक गंभीर अपराध है।

### बचने के उपाय

- अनजान स्त्रोंतो से धन प्राप्ती करने से बचें
- अपने बैंक खाते और वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रखें
- यदि आपके खाते में कोई संदिग्ध गतिविधिया दिखे तो तुरंत संबंधित बैंक या पुलिस को सूचित करें।

### पूरी टीम होगी पुरस्कृत

आईजी डा. शुक्ला एवं एसपी श्री सिंह ने जालसाजों का कमीशन में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले को पकड़ने पर एएसपी राजेन्द्र जायसवाल, अनुज कुमार, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, अक्षय प्रमोद सबाद्रा, टीआई विजय चौधरी, एसआई अजय वारे, दीपक उपाध्याय, अभिजीत डाहिरे सहित अन्य को उचित ईनाम देकर पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# जंगली सुअर का शिकार करने वाले आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जंगली सुअर का शिकार करने वाले आरोपियों को वन विभाग की टीम ने पकड़ा है, जिनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर और वन मंडलाधिकारी बिलासपुर के निर्देशानुसार व उप वनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र रतनपुर के बानाबेल सर्किल के खैरझिटी परिसर में जंगली सुअर के शिकार की सूचना वन विभाग की टीम को मिली। सूचना पर रतनपुर वन परिक्षेत्र सहायक बानाबेल मोहम्मद शमीम, परिसर रक्षक खैरझिटी हेमंत सिंह, सीएफओ सुखनंदन कौशिक, बीएफओ मुलेश जोशी, पंकज साहू, लखेराम ध्रुव, दीपक यादव, दीपक कोसले, धीरज दुबे व अन्य स्टाफ की टीम ने घेराबंदी कर जंगली सुअर का शिकार करने वाले आरोपियों को पकड़ा। आरोपी दिलीप कुमार पिता तुल सिंह 45 साल, राजेश निषाद पिता नरेश निषाद 29 साल, अजय पोर्ते पिता अशोक पोर्ते 28 साल, जलेश्वर यादव पिता इतवारी लाल 32 साल, प्रेम सिंह पिता पुरूषोत्तम 41 साल, लखन सिंह भानु पिता छतर सिंह 32 साल, जितेन्द्र केंवट पिता हरिलाल 27 साल को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 32 (1)(2) एवं धारा 50, 51 का उल्लंघन करने पर कार्रवाई कर 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## पत्नी से मारपीट, पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** धर्म परिवर्तन करने पत्नी से मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, भारतीय नगर में रहने वाली एक महिला ने थाने में शिकायत की। उनके पति दुर्गेश लांजी ने धर्म परिवर्तन कर लिया और घर में स्थापित भगवान की मूर्तियों को निकालकर फेंक दिया। उसकी जगह पर यीशु मसीह की फोटो लगा दिया है। भगवान की मूर्ति पूजा को वह शैतान पूजा बोलता है। महिला ने आरोप लगाया है कि उनकी शादी 2016 में हिंदू रिती रिवाज से हुई थी। उनके पति हिंदू धर्म को मानते थे। शादी के कुछ माह बाद ही वे धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म को मानने लगे। पति उन पर व उनके दो बच्चों को धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रहे हैं। मना करने पर हाथ मुक्का बेल्ट से मारपीट कर रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर पति के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रा अधिनियम की धारा 3 व बीएनएस की धारा 298 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## जयरामनगर समपार 1 मार्च से रहेगा बंद




**बिलासपुर।** जयरामनगर समपार में सड़क मरम्मत कार्य के लिए 1 मार्च तक सड़क यातायात बंद करने का आदेश जारी किया गया है। रेल प्रशासन ने एसईसीआर बिलासपुर डिवीजन के जयरामनगर स्टेशन यार्ड में स्थित मानव सहित जयरामनगर फाटक में बेहतर मार्ग आवागमन सुविधा के लिए सड़क मरम्मत सहित विविध संरक्षित कार्य करने का निर्णय लिया है। यह कार्य 1 मार्च शनिवार की सुबह 10 बजे से शुरु किया जाएगा, जिसके कारण जयरामनगर नगर फाटक से सड़क यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग परसदा फाटक तथा पाराघाट एवं जूठी सीमित ऊंचाई सबवे से उपलब्ध रहेगी। सड़क मरम्मत का काम पूरा होने के बाद लोगों को सड़क आवागमन की सुविधा मिलेगी।

# कचरे का निपटान जरूरी, घरों व दुकानों में डस्टबिन नहीं, केन्द्रीय टीम लेगी फीडबैक

**बिलासपुर।** निकाय चुनाव की खुमार खत्म होने के बाद नगर निगम की सत्ता भी बदल गई है। इन सब के बीच अब मार्च के पहले सप्ताह में केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम बिलासपुर पहुंचने वाली है। केंद्रीय टीम लोगों से फीडबैक लेगी, लेकिन शहर में अभी भी स्वच्छता को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। न व्यापारियों को डस्टबिन बांटे गए हैं और न ही घरों में डस्टबिन का ठीक से उपयोग हो पा रहा है। निगम में शामिल नए क्षेत्रों में तो डस्टबिन बांटे ही नहीं गए हैं। शहर के प्रमुख इलाकों में ही गंदगी आसानी से देखी जा सकती है। हालांकि निगम के अधिकारियों के मुताबिक इस बार हर बार से बेहतर तैयारी है। सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त है।

ध्यान रहे कि इस साल सर्वेक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा ट्रिपल आर फार्मूला यानी रिड्यूस, रिसाइकिल व रीयूज सर्वे के मापदंड तय किए गए हैं। इसमें पिछले सर्वे के अनुसार निगम क्षेत्र में 94 प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। कचरे के निष्पादन का प्रतिशत 93 है, जबकि 94 प्रतिशत रिहायशी और 93 प्रतिशत मार्केट एरिया और 67 प्रतिशत पब्लिक टॉयलेट की सफाई हो पा रही है। बाकी पर ध्यान देना होगा, तभी इस साल भी रैंकिंग में सुधार हो सकेगा। फिलहाल नगर निगम सार्वजनिक शौचालयों की सफाई पर अधिक ध्यान दे रहा है। बाजारों में कुछ शौचालयों की स्थिति ठीक नहीं है। इसके अलावा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कचरा निष्पादन के प्लांट और कचरे की सफाई पर भी ध्यान देना होगा।




### अभी भी खुली गाड़ियों में कचरे का परिवहन

नगर निगम खुले वाहनों में ही कचरे का परिवहन करवा रहा है। ये खुली कचरा गाड़ियां शहर में गंदगी फैलाती हुई चलती हैं। निगम कचरे को ढंक कर परिवहन करने का दावा करता है। लेकिन, शहर में खुली गाड़ियों में कचरा परिवहन किए जाने की तस्वीरें आसानी से देखी जा सकती हैं। जबकि केंद्रीय टीम शहर में ओवरऑल किस तरह की सफाई है, सबसे पहले इसका निरीक्षण करेगी।

### व्यापारी सड़क और नालों में फेंक रहे कचरा

शहर में स्वच्छता को लेकर सबसे ज्यादा व्यापारी वर्ग परेशान हैं। उनके लिए भी बाजारों में पहले डस्टबिन रखे गए थे लेकिन वे भी धीरे-धीरे गायब हो गए। इसके बाद दोबारा कभी डस्टबिन नहीं लगाए गए। कचरा गाड़ी भी नियमित दुकानों तक नहीं पहुंच रही। इससे दुकानों से निकलने वाला कचरा व्यापारी या तो सड़कों पर फेंक रहे हैं या फिर नालों में।

### सरकारी स्कूल बन सकते हैं परेशानी

जानकारी के अनुसार निगम क्षेत्र में प्रायवेट, सरकारी प्रायमरी से लेकर हायर सेकंडरी तक स्कूल की संख्या 500 से अधिक है। निगम के जिम्मेदारों को प्राइवेट स्कूल में साफ-सफाई की चिंता कम है, लेकिन सरकारी स्कूलों में टॉयलेट की व्यवस्था, वहां पानी की सप्लाई आदि जरूर परेशानी बन सकती है, क्योंकि सरकारी स्कूलों में इनकी व्यवस्था के दावे तो किए जाते हैं, पर उसे मैनेज नहीं किया जाता है। इसी से अंक कम हो सकते हैं। हालांकि आत्मानंद स्कूल बनने से कुछ तो सुधार इस दिशा में भी हुआ है।

### कचरा निपटान में सबसे अधिक 5705 अंक

इस साल के स्वच्छता सर्वेक्षण में कुल 7500 अंकों को बढ़ाकर 9500 अंक कर दिया है। 9500 अंकों में से 5705 अंक कचरा निपटान के रहेंगे, जो कुल अंक का 60 प्रतिशत के करीब है। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के तहत कचरा संग्रहण, सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटाइजेशन, वाटर मैनेजमेंट शामिल होगा। 2500 अंक सर्टिफिकेशन पर मिलेंगे। इसके साथ ही 1295 अंक सिटीजन फीडबैक पर मिलेंगे।



## खबर संक्षेप

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**बिलासपुर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में नारायणा हॉस्पिटल रायपुर एवं एसएसजी आई हॉस्पिटल रायपुर द्वारा राज्य सैनिक बोर्ड रायपुर के सौजन्य से 24 फरवरी को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक रहा। इसमें पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की चिकित्सा विशेषज्ञ ने विभिन्न रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। सैनिकों की पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निदान किया गया। साथ ही विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञों ने दी। भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार जनों ने इन सुविधाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर विवेक शर्मा (से.नि.) संचालक, सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने चिकित्सा शिविर की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धित परीक्षण और जागरूकता पर जोर दिया।

### कलेक्टर ने दिए काम-काज में तेजी लाने के निर्देश



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने टीएल की बैठक में मंगलवार को लंबित मामलों एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने चुनाव संपन्न होने के बाद विकास कार्यों की गति में फिर से तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव के लिए प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता समाप्त हो चुकी है। तेज गति से काम अब फिर से शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से विभागवार योजनाओं की समीक्षा शुरू की जाएगी। उन्होंने आचार संहिता के कारण रूकी हुई भर्ती की कार्रवाई भी शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय, एनएचएम सहित सभी विभागों में मार्च के अंत तक जारी भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि संविदा, कलेक्टर रेट अथवा अन्य किसी भी मद से कार्य कर रहे कर्मचारियों का वेतन समय पर दिया जाए। मल्हार सोसायटी में धान खरीदी में गड़बड़ी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

### मेंटर एंड मेंटी प्रोग्राम के प्रति जागरुकता बढ़ाने सिम्स में कार्यशाला



**बिलासपुर।** सिम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा 24 फरवरी को मेंटर एंड मेंटी प्रोग्राम के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इसके मुख्य अतिथि सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति व चिकित्सा अधीक्षक सिम्स डॉ. लखन सिंह थे। गेट कीपर प्रोग्राम में विशेष व्याख्यान डॉ सुजीत नायक ने दिया। इस अवसर पर सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. मूर्ति ने बताया कि मेंटर-मेंट्री प्रोग्राम एक गाइडेंस और सपोर्ट सिस्टम है, जिसमें एक अनुभवी व्यक्ति (मेंटर) कम अनुभव वाले व्यक्ति (मेंट्री) को सलाह, मार्गदर्शन और प्रेरणा देता है। यह प्रोग्राम शिक्षा, कॅरियर डेवलपमेंट और व्यक्तिगत विकास के लिए उपयोग किया जाता है। छात्र-छात्राओं से मेंटर-मेंट्री प्रोग्राम के लाभ के बारे बताते हुए कहा कि मेंट्री (स्टूडेंट्स) को पेशेवर और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलती है। मेंटर (टीचर) के अनुभव और ज्ञान से मेंट्री (स्टूडेंट्स) को सही दिशा मिलती है। नेटवर्किंग के अवसर बढ़ते हैं। कॅरियर ग्रोथ के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन मिलता है। कार्यशाला में डॉ हेमलता ठाकुर के निर्देशन पर छात्रों ने इस विषय पर सामूहिक चर्चा की। गेट कीपर प्रोग्राम के तहत डॉ नायक ने बताया कि यह प्रोग्राम किसी संगठन, समुदाय या सुरक्षा व्यवस्था में एक विशेष व्यक्ति (गेटकीपर) की भूमिका को परिभाषित करता है, जो किसी भी प्रकार की जानकारी, संसाधन या निर्णय लेने की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टूडेंट सेल के डॉ सागरिका प्रधान, डॉ सुचिता सिंह, डॉ सचिन पांडेय, डॉ नथानी, डॉ प्रवीण, डॉ नसरीन,डॉ डार्विन, डॉ विनोद आदि का सहयोग रहा।

# 30 से ज्यादा खेलों को मान्यता नहीं, अधिकांश का ओलंपिक संघ से नाता खत्म

## प्रदेश में प्रमुख खेल संघों में पिछले कई सालों से लगातार जारी है विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में खेल संघों की मनमानी और विवादों की वजह से खिलाड़ियों का नुकसान हो रहा है। बिना मान्यता प्राप्त खेलों में खेलने वाले खिलाड़ियों से मोटी रकम वसूल कर उन्हें मेडल तो दिला दिया जाता है, लेकिन मान्यता नहीं होने की वजह से खिलाड़ियों को भविष्य में काफी परेशानी होती है।



राज्य में विवादों में चल रहे खेल संघों, समय पर चुनाव नहीं करवाने वाले और दो-दो गुटों में बंटे विभिन्न खेल संघों को छत्तीसगढ़ खेल विभाग से मान्यता ही नहीं मिली है। इसके अलावा 10 से ज्यादा ऐसे खेल संघ हैं जो ऑडिट रिपोर्ट और पैसों का हिसाब-किताब नहीं देना पड़े, इसलिए छत्तीसगढ़ खेल संघ से पिछले कई सालों से मान्यता ही नहीं ले रहे हैं। जबकि बिना मान्यता प्राप्त खेल संघों में खेलने वाले इन खिलाड़ियों को अनुदान तक नहीं मिलता है। इसके अलावा अगर यह खिलाड़ी जिला और राज्य स्तर में मेडल भी जीत जाते हैं तो भी इन्हें राज्य सरकार से किसी भी तरह का लाभ नहीं मिलता। खेल संघ के पदाधिकारी खिलाड़ियों को गुमराह कर बिना मान्यता प्राप्त खेलों में शामिल कर लेते हैं। जब आयोजन और टूर्नामेंट खेलने की बारी आती है तो वे खिलाड़ियों से ही पैसे लेकर उन्हें टूर्नामेंट में भेजते हैं, जबकि मान्यता प्राप्त खेलों के खिलाडियों को राज्य खेल विभाग से अनुदान मिलता है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ खेल विभाग ने इस वर्ष केवल 20 खेलों को ही मान्यता दी है जबकि राज्य में करीब 55 खेलों का आयोजन होता है। खेल के जानकारों का कहना है कि खेल में सरकार से मिलने वाली मदद आवश्यक है। साथ ही डाइट मनी, मेडल जीतने पर मिलने वाले अवार्ड और राज्य शासन से मिलने वाली पुरस्कार राशि खिलाड़ियों को आर्थिक मदद करती है, साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ाती है। मान्यता नहीं होने के कारण उन्हें किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल सकेगी।

### खेल विभाग से इन खेलों को है मान्यता

कबड्डी, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, चेस, सायकल पोलो, साइकिलिंग, फेंसिंग, हैंडबॉल, हॉकी, जू-जित्सु, पैरा स्पोर्ट्स, सॉफ्ट टेनिस, वेटलिफ्टिंग, वुशू, ताइक्वांडो, कुडो, किक बॉक्सिंग, मलखम्भ।

### चयन से लेकर मेडल जीतने तक लेते हैं पैसे

खेल संघ से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि राज्य में ऐसे दर्जनों खेलों का संचालन हो रहा है जो कभी भी खेल विभाग से मान्यता नहीं लेते हैं। यह अपना पूरा खर्चा खिलाडियों और नेताओं से पैसे लेकर निकालते हैं। इसके अलावा नेशनल में मेडल जीतने पर ये खिलाड़ियों से पुरस्कार राशि में भी पैसे की मांग करते हैं। इसके लिए पुरस्कार राशि के हिसाब से खेल संघ के पदाधिकारियों का हिस्सा तय होता है।

### इन खेलों को मान्यता नहीं

जंपरोप, वॉलीबॉल, बेसबॉल, शतरंज, टेनिस, कैरम, फुटबॉल, बिलियर्ड, बॉक्सिंग, ब्रिज, घुड़सवारी, बास्केटबॉल, पोलो, जूडो, खो-खो, ट्रायथलान, कराते, शूटिंगबाल, टेबल-टेनिस, रोलर स्केटिंग, टेनिस बॉल क्रिकेट, कुश्ती, राइफल, नेटबॉल, वुशू समेत 40 से ज्यादा खेल संघों की मान्यता नहीं है।

### दो गुटों में बंटा हुआ है खेल

वालीबॉल संघ को खेल विभाग से मान्यता नहीं है। इसकी वजह यह ही कि पिछले 4-5 सालों में खेल दो गुटों में बंटा हुआ है। चुनाव भी सही प्रक्रिया से नहीं हुए हैं। इस वजह से खिलाड़ी पिछले 4 साल से नेशनल नहीं खेल पा रहे हैं। वालीबॉल फेडरेशन के मुताबिक संघ का विवाद अभी नहीं सुलझा है इसलिए अप्लाई नहीं किया गया है। यही हाल नेटबाल का है। कई सालों से संघ में विवाद चल रहा है। नेटबॉल टीम बिना जिला और राज्य स्तरीय खेले ही नेशनल खेलने पहुंच गई। मान्यता नहीं होने की वजह से खिलाड़ियों को खुद ही पूरा खर्च उठाना पड़ा। इसी तरह छत्तीसगढ़ बॉस्टेबॉल संघ स्व. राजेश पटेल के रहते कभी विवादों में नहीं रहा, लेकिन उनके नहीं रहने से संघ में विवाद और चुनाव न होने जैसी स्थिति की वजह से संघ को फिलहाल मान्यता नहीं है।

### राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता लेना अनिवार्य

किसी भी खेल संघ की मान्यता के लिए पहले राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता ली जाती है। इसमें कम से कम आठ प्रदेश इकाई की सहमति आवश्यक है। इसके बाद संघ उन प्रदेश इकाई को अपने स्तर पर संघ बनाने की मान्यता देता है। फिर प्रदेश के बाद जिला इकाई बनती है। इसमें भी कम से कम आठ जिला इकाई आवश्यक है। इसके बाद ही केंद्र और राज्य सरकार से संघ को मदद मिलती है।

- **ए. एक्का**, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

## 20 एकड़ में लगाए गए वृक्ष हो चुके हैं जर्जर

# करोड़ों खर्च कर विकसित किए गए स्मृति वाटिका का हाल-बेहाल

कानन पेण्डारी जू से पहले सैलानियों के भ्रमण और पिकनिक के लिए वीवीआईपी की कल्पना और उनकी ओर से बनाई गई स्मृति वाटिका अब केवल लोगों के लिए स्मृति बनते जा रही है। यहां मनोरंजन के साधन तो दूर सैलानियों की प्यास बुझाने के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण पहले 36 और बाद में 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए गए वाटिका की हालत जर्जर होते जा रही है। करोड़ों रुपए खर्च करने वाले वन विभाग के अफसरों ने वाटिका को संवारने पहल नहीं की है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर वन मंडल से कानन पेण्डारी जू और स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में आ गया है। सकरी से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर 36 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्मृति वाटिका का निर्माण इसलिए किया गया था, ताकि लोग अपने पूर्वजों की याद में पौधे लगा सकें। इसके लिए लोगों से मेंटनेंस के नाम पर 500 से 1000 रुपए भी लिए जाते थे। जिस स्थान पर पूर्वजों के नाम पर पौधे लगते थे, उस स्थान पर उनके नाम के बोर्ड भी लगाए जाते थे।

शुरुआत में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी के अलावा शासकीय अफसरों के नाम के बोर्ड और पौधे वाटिका में लगाए गए थे। स्मृति वाटिका को बनाने का मुख्य उद्देश्य था कि कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानी वाटिका का भ्रमण कर पिकनिक मना सके। वाटिका बनने के 6 माह तक भ्रमण करने वाले सैलानियों की काफी भीड़ भी होती थी, लेकिन धीरे-धीरे सैलानियों का रूझान कम होता गया। वहीं 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई। वर्तमान में स्मृति वाटिका की स्थिति इतनी अधिक खराब हो चुकी है कि सैलानी अगर भ्रमण के लिए पहुंचते हैं तो उन्हें पीने का पानी भी नसीब नहीं होगा।

### वाटिका को संवारने अब तक पहल नहीं



देखरेख के अभाव में स्मृति वाटिका की हालत खराब। पानी नहीं मिलने से सूख रहे पेड़ पौधे।

### दिनभर की आय 150 रुपए

कानन पेण्डारी जू में प्रवेश की तरह स्मृति वाटिका में भ्रमण करने वाले सैलानियों के लिए टिकिट खिड़की बनी हुई है। यहां दिनभर में एक या दो सैलानी पहुंचते हैं, जिसमें युवक-युवतियां शामिल हैं। गेटमनी से दिनभर की आय 100 से 150 रुपए से ज्यादा नहीं हो पाती है। इस राशि से वाटिका को विकसित करना तो दूर सफाई करने वाले श्रमिक का वेतन नहीं निकल पा रहा है।

### बनाया गया है प्रपोजल

वन चेतना केन्द्र के साथ स्मृति वाटिका को संवारने के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए का प्रपोजल बनाकर भेजा गया है, ताकि सैलानियों को यहां भी भ्रमण की सुविधा मिल सके। प्रपोजल के अनुसार बजट मिलने पर काम की शुरुआत कर दी जाएगी।

-सत्यदेव शर्मा
डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

### जर्जर हो चुकी है वाटिका

स्मृति वाटिका की हालत काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। जले और सूखे हुए पेड़-पौधों के अलावा चारों ओर बने जलाशय भी टूट-फूट गए हैं। पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था भी नहीं है। वहीं वाटिका के लिए सबसे बड़ी आकर्षण झरना भी कई माह से बंद पड़ा हुआ है। इसके साथ ही स्मृति वाटिका के पीछे के रास्ते में बाईपास बन चुका है, जहां से असामाजिक तत्वों ने सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग को तोड़ दिया है। वहीं सैलानियों के लिए बनाई गई कैंटीन भी कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है।

### स्मृति है वाटिका गायब

स्मति वाटिका का मुख्य द्वार पर वन विभाग ने सैलानियों की जानकारी के लिए स्मृति वाटिका सुनहरे अक्षरों में लिखवाया था। जर्जर हो चुके स्मृति वाटिका का हाल ऐसा हो गया है कि लिखे हुए स्मृति वाटिका में स्मृति है, लेकिन वाटिका का अक्षर गायब हो चुका है। पहली बार यहां से गुजरने वाले राहगीर कभी स्मृति वाटिका नहीं समझ सकेंगे। वहीं जर्जर हो रहे वाटिका को संवारने किसी जिम्मेदार अफसर की नजर नहीं पड़ रही है।

### सफारी का प्रस्ताव अधर में

पूर्व में स्मृति वाटिका को कानन पेण्डारी जू में मर्ज करने के साथ कई बार व्यवस्थित करने का ईस्टीमेट बनाकर भेजा गया, लेकिन इसपर शासन की स्वीकृति नहीं मिल सकी। वहीं पूर्व डीएफओ ने कानन पेण्डारी जू के साथ स्मृति वाटिका को मिलाकर लायन, बाघ, भालू, टाइगर सफारी बनाने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा, जहां फाइल जाकर अटक गई और प्रस्ताव अधर में लटका रहा।

# खंबों में बेतरतीबी से लटक रहे केबल, विभाग उदासीन



**बिलासपुर।** शहर के चौक चौराहों की सुंदरता को तारों और केबल के जंजाल दाग लगा रहे हैं। केबल, टेलीकॉम कंपनियों सहित बिजली के तार सड़कों पर बेतरतीबी से लटक रहे हैं। तारों के जाल से कई बार राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

शहर भर में तारों का जाल कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक माह पहले बिजली विभाग द्वारा केबल आपरेटर और नेटवर्क कंपनी से संपर्क साध इन तारों और केबलों के जाल को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया था, लेकिन अभी भी कमोबेश वही हाल है। कई जगहों पर तारों के गुच्छे बिखरे पड़े हैं। तारों के जाल से छोटे-बड़े हादसे का अंदेशा बना रहता है, गर्मी के दिनों में खास तौर पर शार्ट सर्किट होती है, जिससे जान और माल दोनों को नुकसान पहुंचता है। शहर में मंदिर चौक, सीपत चौक, मन्नू चौक, गोलबाजार, सिम्स सड़क जैसे इलाकों में तारों के जंजाल देखे जा सकते हैं। खास बात यह है कि नेटवर्क कंपनी केबल के लिए विद्युत कंपनियों को करोड़ों रूपए का भुगतान करती है, लेकिन केबल और तारों को व्यवस्थित करने पर किसी भी कंपनी का ध्यान नहीं जाता है, लेकिन इन तारों के चलते आम लोगों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है।

### मौके का कराया जाएगा निरीक्षण

केबल और नेटवर्क कंपनियों को हिदायत दी गई थी, उन्होंने हटाया भी था। वर्तमान की स्थिति के लिए एई और जेई से मौका निरीक्षण कराया जाएगा।

-पीआर साहू, एसई, विद्युत विभाग

### केन्द्रीय हास्पिटल में महिला का किया गया जटिल आपरेशन

**बिलासपुर।** रेलवे अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। हाल ही में एक महत्वपूर्ण जटिल सर्जरी का सफलतापूर्वक संचालन इसकी उत्कृष्टता को साबित करता है। यह सफलता डॉक्टरों और उनकी टीम की कुशलता और समर्पण का परिणाम है। यहां मरीजों को यहां के चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक एक जटिल आपरेशन किया है। 46 वर्षीय महिला के पेट से 21 सेमी बाई 18 सेमी बाई 17 सेमी आकार का 3.2 किलोग्राम वजन का एक बड़ा गर्भाशय ट्यूमर निकाला गया, जिसे स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. बी प्रधान, डा. आईबी मिंज, एनेस्थेटिस्ट डा. पीके सिंह और आपरेशन थियेटर नर्स व स्टाफ की टीम ने निकाला। मरीज को पिछले पांच साल से ट्यूमर था, अब उसकी हालत में काफी सुधार हो रहा है।

VACANCY
Bajaj Chetak
Electric Vehicle
Requires for the following post:-
Showroom manager - 2 Post (M/F)
Workshop incharge - 1 Post (M)
Spare parts incharge - 1 Post (M)
Sales executive - 4 Post (M/F)
Receptionist - 2 post (F)
Interview Date
Saturday, 01/03/2025
Time : 11:30am to 3:30 pm
Mob: 9752133444
TRIPUR BAJAJ
Venue:- Tripur Auto Near Maharana Pratap Chowk, Bilaspur
tripurauto@rediffmail.com

# पीएमआईएस योजना के कार्यान्वयन पर चर्चा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के कार्यान्वयन और प्रभाव का व्यापक मूल्यांकन के लिए 20 फरवरी को नवा रायपुर स्थित मंत्रालय, महानदी भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार के कारपोरेट कार्य मंत्रालय की सचिव श्रीमति दीप्ति गौर मुखर्जी उपस्थित थीं। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव अमिताथ जैन ने की।

बैठक के पहले चरण में प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने और इसके दूसरे चरण के सुचारू कार्यान्वयन के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण तैयार करने पर व्यापाक चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने राज्य की पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय प्रयास करने का आश्वासन दिया, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं को अधिकतम लाभ मिल सके। इस दौरान वर्तमान में पीएमआईएस के अंतर्गत इंटर्नशिप कर रहे प्रशिक्षुओं और एनआईई, जीपीआईएल, पावर ग्रिड जैसे प्रमुख औद्योगिक भागीदारों के प्रतिनिधियों के साथ एक संवाद सत्र आयोजित किया गया। इन संगठनों ने सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे अकादमिक ज्ञान और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को प्रभावी रूप से कम किया जा सके। बैठक में भारत सरकार कारपोरेट कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बालामुरुगुन डी., कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव डा. एस. भारतीयदासन, छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज-सह-शासकीय समापक सीताराम शरण गुप्ता, उच्च शिक्षा सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सचिव, श्रम विभाग सचिव तथा स्कूल शिक्षा के अपर सचिव उपस्थित थे। सचिव ने इंटर्न्स के साथ संवाद करते हुए उनसे योजना के दौरान आई चुनौतियों और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुझाव मांगे।

### उद्योग प्रतिनिधियों के साथ हुआ विशेष सत्र

इस दौरान उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उनकी भूमिका, भर्ती प्रक्रिया में दिशा-निर्देशों के पालन, योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं और इंटर्न्स को समय पर अनुदान भुगतान सुनिश्चित करने की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। अनुदान के भुगतान में किसी भी संभावित देरी से संबंधित चिंताओं को भी उठाया गया और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। बैठक में सभी हितधारकों ने छत्तीसगढ़ में पीएमआईएस ढांचे को और मजबूत करने के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। इस सत्र से प्राप्त सुझाव और चर्चा योजना के दूसरे चरण को और अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।



बिलासपुर, गुरुवार 27 फरवरी 2025

हरिभूमि लाइव





# शिवालयों में गूंजे जयकारे, भक्तों का लगा तांता

बिलासपुर। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व की धूम रही। लोग सुबह से श्रद्धा, उत्साह के साथ मंदिर पहुंचने लगे थे। मंदिरों में भी विशेष पूजा, हवन कर दुग्धाभिषेक किया गया। बैण्ड पार्टी वाले बाजे गाजे के साथ शिव मंदिर चांटीडीह ध्वज चढ़ाए। जगह-जगह भण्डारा चलता रहा। इन सभी आयोजनों से पूरा माहौल शिवमय बना रहा। लोग बधवा मंदिर व मेला पारा में लगने वाले मेले का भी आनंद उठाया। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को निशा काल में शिव-शक्ति की पूजा की गई। साधकों ने देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं कई धार्मिक आयोजन हुए। ब्रम्हकुमारी सेंटरों द्वारा लगाई गई 12 ज्योर्तिलिंगों की प्रदर्शनी का सैकड़ों लोगों ने अवलोकन किया। शिव मंदिर जोरापारा, नंदीश्वर मंदिर सरकंडा, अयप्पा मंदिर भारतीय नगर, श्रीराम मंदिर तिलक नगर, घोंघाबाबा मंदिर, काली मंदिर तिफरा सहित सभी देवालयों में शिव भगवान की विशेष पूजा कर अभिषेक किया गया। फूलों व विद्युत झालरों से सजे सभी मंदिर रौशनी से जगमगा रहा था। झूलेलाल मंदिर में संत सांई लाल दास के नेतृत्व में नि:शुल्क सामूहिक विवाह कराया गया।



आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने किया रूद्राभिषेक।



भगवान शंकर का अभिषेक करते हुए एसपी रजनेश सिंह।





### विधि-विधान से की गई पूजा, हवन

सार्वजनिक शिव मंदिर जोरापारा में सुबह विधि-विधान से महादेव भगवान की पूजा, अभिषेक कर हवन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने आहूतियां दी।

### महाप्रसाद लेने उमड़ी भीड़

महाकाल सेना द्वारा बुधवार को रेल्वे स्थित महाकाल मैदान में महाप्रसाद का आयोजन किया गया। प्रसाद लेने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। गुरुवार 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि शहर भ्रमण कर अष्ट मुखी शिव पंचायती मंदिर पहुंच कर समाप्त होगी।



### अष्टमुखी मंदिर में जलाअभिषेक

महाशिवरात्रि पर मध्यनगरी स्थित अष्टमुखी मंदिर में ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव की गूंज रही, यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोलेनाथ का बड़ी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक किया, अष्टमुखी शिव मंदिर में पूजा का खास महत्व है। इस मंदिर की महिमा सबसे अलग है इस वजह से यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां कुंवारी कन्याएं व महिलाएं पूजा करने पहुंची। यह मंदिर 100 साल पुराना है।



पीताम्बरा पीठ में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल एवं पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय ने किया पूजन।







## शिवजी का नाम गुणवाचक एवं कर्त्तव्य वाचक



भारतीय जनमानस में यह मान्यता है कि शिव में सृजन और संहार की क्षमता है। उनकी यह भी मान्यता है कि शिव आशुतोष हैं, अर्थात जल्द और सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले हैं। इसी भावना को लेकर भक्त शिव पर जल चढ़ाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। परंतु हमें अपने आप से पूछना है कि जीवन भर शिव की पूजा करते रहने पर भी हमारे पाप एवं संताप क्यों नहीं मिटते हैं। उक्त वक्तव्य टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा राजयोग भवन द्वारा 89 वीं शिव जयंती के अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही। उन्होंने कहा कि जब भी देवताओं पर संकट आए, वे शिव से शक्ति लेने के उनके पास आए। परमात्मा की पूजा सारे भारत में होती है, इसलिए परमात्मा को ज्योतिर्लिंगम कहा जाता है। इससे पूर्व राजयोग भवन में शिवध्वजारोहण किया गया। ध्वज के नीचे बीके स्वाति दीदी ने सभी भाई-बहनों से संकल्प करवाया की मधुर बोल और व्यवहार द्वारा मिलनसार बनें, आपस में संस्कार मिलन करेंगे। अपने हर संकल्प, श्वास, समय और शक्ति रुपी खजाने को सफलता स्वरूप बनाएंगे। परिवर्तन की शक्ति से हर नेगेटिव संकल्प को पॉजिटिव में चेंज करेंगे। उसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

**जगह-जगह चला भण्डारा, मेले का लेते रहे आनंद, पूरा माहौल रहा शिवमय**

## शिव मंदिर का हुआ भूमिपूजन

महाशिवरात्रि महापर्व में घोंघबाबा मंदिर परिसर में भव्य दिव्य श्री शिव मंदिर का भूमिपूजन हुआ। आने वाले दिनों में भक्तों को यहां काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन होंगे।

मंदिर अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल, आनंद सोनी, शेखर मुदलियार, दीपराज उपाध्याय, सीताराम जोशी, बजरंग अग्रवाल, अनिल अग्रवाल ने पंच ब्राम्हणों के मंत्रोच्चार के बीच महाआरती के साथ भूमि पूजन किया। बाबा श्याम, आदिशक्ति मां जगदम्बा की शिव रूप में श्रृंगार के साथ पूजा की गई। चार प्रहर रुद्राभिषेक हुआ। भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।



## शिव पूजन कर किया रुद्राभिषेक



महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन के आनंद निकेतन मोपका स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं शिवपूजन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान डॉ हेमंत चटर्जी एवं परिवार रहे। इस अवसर पर डॉ हेमंत चटर्जी, तृप्ति चटर्जी, श्री चौहान, मानवेन्द्र नाथ चटर्जी, आरएन चटर्जी, बीसी गोलदार, सुजीत मित्र, अमित चक्रवर्ती, हर्षित असितबरन दास, भक्तिमय चौधरी सहित अनेक सदस्यों ने रुद्राभिषेक किया। श्री भट्टाचार्य एवं साथियों ने भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा। इसमें निहार मंजन मलिक, दास गुप्ता, अचिंत्य बॉस वी ने भजन प्रस्तुत किया। सेंट्रल बंगाली संगठन के अनेक सदस्यों ने रुद्राभिषेक में सम्मिलित होकर शिवजी की आराधना की। इस मौके पर अनिता गोल्डर, रीता राय, नमिता घोष, उदयन दास गुप्ता, शुक्ला दास गुप्ता, उमा दास, सुमित दास, गुप्ता सपना जाना, अशोक बोस, तमाल चटर्जी, बीआर घोष, अल्पना चक्रवर्ती, डा सोमा लाहिड़ी, श्री मल्लिक उपस्थित थे।





**निकाली गई शिव बारात**

मोपका में रूद्राभिषेक, हवन कर शाम को प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर में बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शाम को आरती के बाद जगराता हुआ। इसमें भजन गायक स्वर सारंग, सोनू गुप्ता एवं स्वाती सोनी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में शिव-पार्वती की बारात निकाली गई। वहीं अष्टमुखी शिव पंचायती मंदिर में आकर्षक झांकियों के साथ भगवान शिव की बारात निकाली गई। इसमें शिव भक्त नाचते गाते हुए चल रहे थे। इसके पहले सुबह भगवान का रूद्राभिषेक हुआ।

## श्री पीतांबरा पीठ में महारूद्राभिषेक

सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 5 बजे से महारुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ, जो कि दूसरे दिन प्रातः 5 बजे तक निरंतर चलता रहा। इसी कड़ी में रात्रिकालीन चार पहर रुद्राभिषेक पूजन विभिन्न पदार्थों से किया गया। इसके पश्चात प्रातः 5 बजे महाआरती किया गया। आज सुबह 9 बजे से दोपहर 2 तक महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ को अर्पित अभिमंत्रित रुद्राक्ष का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दूरदराज से आए लोगों ने श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव के दर्शनार्थ एवं अभिषेक किया। श्री महारुद्राभिषेक विशेष रूप से प्रयागराज से पधारे ब्राह्मणों के द्वारा संपन्न हुआ। पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि किसी भी सिद्धि प्राप्ति या मनोकामना पूर्ति के लिए रात्रियां सर्वश्रेष्ठ है। पूजन में आईजी डॉ. संजीव शुक्ला, एसपी रजनेश सिंह, आईएफएस मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, गौ आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह, एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, एडिशनल एसपी अर्चना झा सहित अन्य लोग महाशिवरात्रि पूजन में विशेष रूप से सम्मिलित हो पूजन किए।

## बंगाली समिति द्वारा हवन व अनुष्ठान



बंगाली समिति काली बाड़ी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर महाअभिषेक एवं भव्य हवन का विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन के महा-प्रबंधक तरुण प्रकाश सपत्नीक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व महा-अधिवक्ता किशोर भादुड़ी सपरिवार ने भगवान शिव का अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अन्य भक्तजनों ने भी अभिषेक एवं हवन कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से बंगाली समिति के अध्यक्ष अमित चक्रबर्ती, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ भट्टाचार्या, महासचिव देबाशीष घोष सहित समिति के सभी कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे।

### पूरे दिन चला ऊं नमः शिवाय का जप

श्रीराम मंदिर तिलक नगर में सुबह 4 बजे से भगवान का श्रृंगार किया गया। फिर पूजा कर आरती की गई। पूरे दिन ऊं नमः शिवाय का जप किया गया। पूजा, दर्शन करने श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही।

26-FEB--REGNOL-pg-4-COMMAN_Layout 1 2/27/2025 12:01 AM Page 1



## मुंगेली क्षेत्र में दिखी श्रद्धा-भक्ति



**मुंगेली।** महाशिवरात्रि का पर्व अंचल में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। भक्तजन सुबह से शिवालयों में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना करते रहे। शिवालयों में दिन भर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना होती रहे। महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में श्रध्दालुओं का तांता लगना प्रारंभ हो गया। भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए हांथों में पूजन सामाग्री लेकर लोग घंटो कतर में खड़े होकर प्रतीक्षा करते रहे। शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, धतुरे आदि से अभिषेक किया गया। शिव अराधना में महाशिवरात्रि का दिवस धार्मिक मान्यता के अनुसार विशेष महत्वपूर्ण दिन रहता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की प्रर्थना स्वीकार करते हैं। मल्हापारा स्थित नगर के सबसे प्राचीनतम खेमगिर, शंकर मंदिर में भगवान भोले की विशेष पूजा अर्चना की गई। खर्राघाट स्थित शिवालय, बड़ा बाजार स्थित शिव मंदिर, खर्रीपारा शिव मंदिर, गर्ल्स स्कूल के पास हनुमान शिवमंदिर, सोनारपारा स्थित शिव मंदिर जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर स्थित सेतगंगा में भोर से सायं काल तक भक्त मां नर्मदा कुंड में स्नान कर लोग प्राचीन श्रीराम-जानकी एवं प्रभु शंकर के मंदिर में पूजा अर्चना करते रहे।

## मल्हार में 15 दिवसीय मेले की शुरूआत

# महाशिवरात्रि पर पातालेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

शिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को पातालेश्वर महादेव मंदिर में ब्रम्ह मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक चलता रहा। इसके अलावा दूर-दूर से कांवड़ियों के कई जत्थे बोल बम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते मंदिर पहुंचे एवं जलाभिषेक किया।

सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं व युवतियों की रही जिन्होंने अपनी मनोकामना के लिए बेलपत्र, धतूरा, आंक फूल पत्ते, टेसू फूल, कनेर, दूर्वा, चावल, आम का मौर, दूध, पंचामृत, गन्ना रस, गंगाजल, नारियल, धूप, दीप के अलावा विभिन्न पूजा सामग्रियों से भोलेनाथ की पूजा की। वहीं कई लोग जमीन नापते भगवान शिव शंकर के शरण मे पहुचकर आशीर्वाद मांगा। नगर के पौराणिक महत्व के प्रसिद्ध परमेश्वरा सरोवर में भी सैकड़ों लोगों ने स्नान कर पवित्र जल से अभिषेक किया।



**हर हर शंकर--कण कण शंकर:** ऐतिहासिक नगरी मल्हार में हर जगह शंकर हैं जिसकी प्रमाणिकता यहां के तालाबों में मिलती है जहां प्राचीन कॉल से ही शिवलिंग स्थापित हैं। इसलिए इस पवित्र नगरी को शिव की नगरी कहा जाता है। बताया जाता है कि यहां शैव व शाक्त परम्परा के अनुयायियों की तपोस्थली थी जो कि शिव जी आराधना करते थे। उन स्थलों में भी महाशिवरात्रि पर पूजा हुई।



**श्रद्धालुओ की भारी भीड़:** शिव आराधना के इस पर्व पर इस बार 20 हजार से ज्यादा लोगों ने भगवान पातालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। भारी भीड़ को नियंत्रित व व्यवस्थित करने तथा मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाने पुलिसकर्मियों के अलावा एनएसएस के बच्चों ने भी योगदान दिया वे सुबह से शाम तक श्रद्धालुओ को दर्शन कराने व कोई भी मदद के लिए तत्पर रहे।



भरनी में प्रसाद वितरण की तैयारी में जुटे श्रद्धालु।

# भरनी के कालेश्वर मन्दिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

भरनी स्थित प्राचीन कालेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी बनाई गई और भंडारे का आयोजन भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष इस मंदिर में विशेष पूजा होती है और भंडारा आयोजित होता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। महाशिवरात्रि के आयोजन में मंडल अध्यक्ष अजय यादव, नितेश अवस्थी, मंगल वस्त्रकार मनोज याद, राकेश कौशिक, रमेश कौशिक, पुष्कर कौशिक, अनुज महराज, सुनील साहू, नितेश यादव, राजू साहू, राजा उपाध्याय, सोनू वस्त्रकार, छवि वस्त्रकार, रामचंद्र पाठक, भुनेश दुबे, पं उत्तम अवस्थी, प्रकाश कौशिक, नितेश यादव, अक्षय यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन ने पूजन-अर्चना की और सेवा में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

### जरहागांव



जरहागांव के शिव मंदिर में जलाभिषेक के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान स्टालों में खीर, पूड़ी, केला एवं फलों का वितरण किया गया। शिव भक्तों के समक्ष महाशिवरात्रि की कथा का वाचन किया गया। कथा में चित्रभानु नामक शिकारी के बोरे में बताया गया जिसने शिवरात्रि व्रत की कथा सुनने मात्र से परेशानियों से मुक्ति पा ली। तभी से लोग महाशिवरात्रि का व्रत रखकर महादेव की पूजा करते हैं।

### करगीरोड कोटा



पंचमुखी हनुमान मंदिर हटरीपारा महिला मंडली द्वारा महाशिवरात्रि पर नगर में महादेव की बारात निकाली गई। लोगों ने महाशिवरात्रि का पर्व शिव और पार्वती के वैवाहिक वर्षगांठ के रूप में मनाया। सभी शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ा कर रुद्राभिषेक किया एवं महाकाल को प्रसन्न करने उनकी आराधना की। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रख कर अपने वैवाहिक जीवन में खुशहाली की कामना की।

### लोरमी



नगर के आस्था का केंद्र एवं मनियारी तट पर स्थित नर्मदा मंदिर कुंड में लोगों ने सुबह-सुबह डुबकी लगाकर प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिवरात्रि के अवसर पर कुंड में डुबकी लगाने के लिए तड़के 3 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। यहां दिन भर श्रद्धालु कतार में खड़े रहे एवं महिलाओं ने मां नर्मदा में पूजन कर शिवलिंग की आराधना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मोपका



महाशिवरात्रि पर मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। सुबह से महिलाएं नारियल, बेलपत्र लेकर भोलेनाथ का अभिषेक कर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए पूजा-पाठ किया। मोपका सहित ग्रामीण अंचलों में भी महाशिवरात्रि की धूम रही, मोपका में सरस्वती महिला समूह की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार शिव मंदिर गोडपारा, शिव मंदिर घी कुंड तालाब सहित सभी शिवालियों में महादेव की पूजा-अर्चना की गई।

### मुंगेली



महाशिवरात्रि के अवसर पर अंचल में अनेक स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से ग्राम रामगढ़ स्थित खर्राघाट मेला, ग्राम नवागांव टेमरी तथा संगवाकापा में भी मेले का आयोजन किया गया। मेले में आस-पास के व्यवसायियों ने खिलौने, मिठाई, चाट, गुपचुप, मिट्टी के बर्तन आदि की दुकानें लगाई। मेले में उपस्थित लोगों ने खरीददारी करते हुए मेले का आनंद लिया।

### दगोरी



महाशिवरात्रि के अवसर पर जय महाकाल ग्रुप गौरा चौक द्वारा भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की मनोरम झांकी निकली गई। ग्राम के चौक-चौराहों पर जाकर शिव महिमा का गुणगान व पूजा-अर्चना कर लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। आचार्य ईश्वर तिवारी ने मंत्रोपचार के साथ पूजा संपन्न कराई। ग्राम ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि जनजनपद सदस्य राजकुमार साहू, ग्राम के सरपंच मथुरा भारद्वाज, ग्राम सुरछा शांति समिति अध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम कौशिक, पंच बहोरिक साहू, पंच प्रतिनिधि संजीव सन्नाट, गंगा निर्मलकर, चंद्रमणि मिश्रा, हेतु निषाद आदि मौजूद थे।

## नगर के लोग सुबह से ही जलाभिषेक करने पहुंचे तखतेश्वर महादेव




**तखतपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही शिवालयों में पूजा करने भक्तों का तांता लगा रहा। नगर के ब्लाक कालोनी, तखतेश्वर महादेव, महामाया मंदिर में लोग सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे और सुख समृद्धि की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने ब्लॉक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना कर अभिषेक में शामिल हुईं। उन्होंने भंडारे में सेवा देकर पूरे क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। पंडित जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि पुराणों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की शादी हुई थी। इस अवसर पर पार्षद अनुपमा पांडेय, जसप्रीत कौर हुरा, लवली हुरा, पूजा गुप्ता, गौरी देवांगन, प्रीति हूरा, सुनीता बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूरी करते हैं शैलेष्वर महादेव



**सीपत।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम कौड़िया में तीन दिवसीय मेला प्रारंभ हो गया। ग्राम के बुजुर्गों व ग्रामीणों ने बताया कि यहां लगभग 400 साल पहले से यहां मेंला लग रहा है। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि शैलेश्वर महादेव श्रद्धालुओं हर मुरादें पूरी करते हैं। अधिकांश लोग संतान प्राप्ति की मांग को लेकर कौड़िया आते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां रात से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। यहां शिव जी की प्रतिमा पर रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर भक्तों के द्वारा सड़कों और मंदिर के आसपास जगह जगह भंडारा भी लगाया गया है।

## श्रीपतेश्वर महादेव समिति ने बैंड बाजे के साथ निकाली शिव की बारात



**सीपत।** महाशिवरात्रि पर श्रीपतेश्वर महादेव समिति के तत्वावधान में सीपत में श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी व भगवान शिव के जयकारों के साथ बैंड की धुन पर शिव-पार्वती की बारात निकाली। बारात सिध्देश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर गौटियाबाड़ा, बजरंग चौक, गुप्ता मोहल्ला राम मंदिर होते हुए बाजार मोहल्ले के बाद, मातेश्वरी मंदिर होते हुए श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां सवा लाख बाती से प्रज्ज्वलित महाआरती के बाद समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा व आरती उतारकर जीवंत झांकी का भव्य स्वागत किया। मनोरम शिव पार्वती की झांकी देखने सड़कों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

# दुकान में लगी आग, लाखों का सामान खाक



**तखतपुर।** फर्नीचर दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर महामाया मंदिर गेट के पास स्थित टेकु सिंह की लक्ष्मी फर्नीचर दुकान की ऊपरी मंजिल में अचानक लगभग 11 बजे के आसपास आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि दूर-दूर तक आग की लपटें वो धुएं का गुबार दिखता रहा। तेज लपट के साथ आग से फर्नीचर दुकान में रखे गद्दे और फर्नीचर जल कर राख हो गए आसपास लोगों ने मदद करने का बहुत प्रयास किया लेकिन आग इतनी तेज थी कि मदद करना कठिन हो गया। इसी बीच दमकल के माध्यम से आग बुझाने का कार्य किया गया। आग लगने की सूचना के बाद वहां पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों के प्रयास से दुकान के निचले हिस्से में रखे लाखों रुपए के फर्नीचर को बाहर निकाला गया। देखते ही देखते आधे घंटे के भीतर सैकड़ो लोगों ने मिलकर दुकान के निचले हिस्से को खाली कर दिया। दुकान में आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है।

# कलेक्टर के नाम से लोगों को देता था धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** कलेक्टर के नाम से धमकी की देने वाले युवक को तखतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर का टिकरीपारा निवासी गोपी सिंह ठाकुर रायपुर कलेक्टर के निवास में काम करता है। वह कलेक्टर के नाम से अपने पड़ोसियों को धमकी देता था एवं मारपीट करता था। पुलिस ने युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया था फिर भी वह व्हाट्सएप स्टेटस में कलेक्टर के नाम से धमकी देते हुए लोगों को परेशान करता था। इसी क्रम में उसने फोन पर अपने पड़ोसियों के साथ गाली-गलौज कर होली के दिन मारपीट करने की धमकी दी, जिससे परेशान पड़ोसियों ने तखतपुर थाने में उक्त युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गोपी ठाकुर की मोबाइल लोकेशन के आधार पर रायपुर पहुंची एवं उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

■ मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने रायपुर से पकड़ा



### हनुमान धारा से कुदरी बैराज सड़क की हालत जर्जर

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क चांपा हनुमान धारा से कुदरी बैराज महुदा (च) सड़क की हालत जर्जर होने के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## निधन

### सुमित्रा देवी दुआ



**बिलासपुर।** दयालबंद ऋषि कॉलोनी निवासी सुमित्रा देवी दुआ का 26 फरवरी की सुबह निधन हो गया। वे 97 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे जगदीश दुआ की मां, डॉ अमित दुआ, अतुल व डॉ निधि ग्रोवर की दादी थीं।

### दीप कश्यप



**बिलासपुर।** नर्मदा नगर निवासी श्रीमती दीप कश्यप का 26 फरवरी को निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सिंघनपुरी (सराईपाली) में 27 फरवरी को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे सिम्स के डॉ.भूपेन्द्र कश्यप की माता, स्वप्निल व शाश्वत कश्यप की दादी थीं।

### नर्सरी में युवक का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम मेहंदा की नर्सरी में सीलम के पेड़ पर युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कुटरा निवासी राम नारायण खरे उम्र 36 वर्ष मंगलवार रात घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल सका। बुधवार 26 फरवरी को पेड़ पर लटका युवक का शव देखा गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राम नारायण मंगलवार रात से गायब था। अगली सुबह उसका शव नर्सरी में पेड़ पर लटका मिला। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, सुरेश धनेसरा पिता स्व. धनसुख भाई व श्रीमती हर्षा धनेसरा पति सुरेश धनेसरा के नाम पर शुभम विहार ओम जोन कालोनी में गार्ड रूम के पीछे भूमि प.ह.नं. 35 ग्राम मंगला रा.नि. बिलासपुर खसरा नं. 1473/27 व 0.0110 हे. (24x50 = 1200 वर्ग फुट) भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है। इस बाबतु यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्ध-शासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर समस्त कागजात सहित मेरे यहाँ उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गयी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना करें।

भवदीय
श्रीमती सीमा गुप्ता
पति श्री सत्यनारायण गुप्ता
पाली जिला कोरबा (छ.ग.)
मोबा. 9522927777

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं केता वंदना यादव पति सुरेंद्र कुमार यादव निवासी तुलसी आवास पानी टंकी के पास राजकिशोर नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) मौजा मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा न. 798/7 रकबा 0.1140 हेक्टेयर भूमि हैं जो कि विक्रेता सुजाता चटर्जी पति असीम कुमार चटर्जी निवासी विनोबा नगर (एफ.सी.आई गोदाम के पास) जिला बिलासपुर (छ.ग.) (हाल मुकाम भवानीपुर कलकता) के नाम पर दर्ज हैं उपरोक्त भूमि को हमने क्रय करने का पक्का सौदा कर मेरे द्वारा बयाना राशि प्रदान कर दिया गया हैं। अगर किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक/निजी निकाय का किसी प्रकार से कोई भी आपत्ति है तो 07 दिवस के भीतर मुझसे संपर्क आपत्ति कर सकते हैं जिसके बाद भूमि के पंजीयन के पश्चात की गए आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी। कृपया अवगत हो।
दिनांक

भवदीय
वंदना यादव
पति सुरेंद्र कुमार यादव
राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.)
मों न. 7999904697, 9340401880

**सूचना**

दिनांक : 25.02.2025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35, रा0नि0मं0 सरकंडा, तहसील व जिला बिलासपुर, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 1102/5, कुल रकबा 0.0172 हे., भूमि स्वामिनी/विक्रेता श्रीमती सीमा ताम्रकार पति श्री अंजनी कुमार ताम्रकार, निवासिनी वार्ड नं0 48 लक्ष्मी निवास के सामने पुराना सरकंडा मेनरोड बिलासपुर के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को भूमि स्वामिनी/विक्रेता द्वारा क्रेता/आवेदक जगदीश प्रसाद श्रीवास पिता स्व. छेदीलाल श्रीवास, निवासी 27 खोली बिलासपुर के पास विक्रय किये जाने हेतु दोनों पक्षों के मध्य इकरारनामा निष्पादित किया गया है।

उपरोक्त भूमि के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक - 10.03.2025 तक नीचे अंकित वाट्सएप मोबाईल नंबर पर मैसेज भेज सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति अमान्य माना जावेगा, तथा प्रश्नाधीन भूमि के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। सूचनार्थ !
दिनांक : 25.02.2025

आवेदक / क्रेता
(जगदीश प्रसाद श्रीवास),
निवासी 27 खोली बिलासपुर, छ.ग.
मोबाईल नंबर - 94241-51917
एवं 96912-13687

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025 जूना बिलासपुर
दिनांक 24.02.2025

प्रति,
(1) सूरज दुबे (2) फातिमा बेगम पत्नि कमाल खान (3) वाजिद अली पिता यूसूफ अली (4) विजय आहूजा पिता चेतन दास (5) गीता येन्डे (6) सर्व संबंधित। (समीपी भूमि स्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक सूरज दुबे निवासी कुदुदण्ड के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 294/10 रकबा 0.012 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04.03.025 को समय 12-5 बजे किया जावेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
टीप: इस सीमांकन हेतु तहसीलदार महोदय द्वारा टीम गठन किया गया है। 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

दिनांक : 27.02.2025

मै अपने पक्षकार से अधिकृत हो कर निम्न आशय का आम सूचनापत्र प्रकाशन करती हूँ कृपया अवगत होवे कि मेरे पक्षकार ने भूमि जो कि रमाकांत गुप्ता, रविकांत गुप्ता दोनो पिता स्व कृष्ण कुमार दोनो निवासी बिलासपुर एवं आ.मु. प्रेमलता पिता स्व कृष्ण कुमार, निवासी भिलाई, रजनी पिता स्व कृष्ण कुमार निवासी जुना बिलासपुर, निर्मला पिता स्व कृष्ण कुमार निवासी बसुन्धरा नगर बिलासपुर एंव जैनेंद्र, विरेन्द्र, नरेन्द्र, धर्मेंद, हेमंत सभी पिता जवाहर सभी निवासी जूना बिलासपुर, सौरभ गुप्ता एंव अमन गुप्ता दोनो पिता होरी लाल गुप्ता दोनो निवासी रतनपुर द्वारा आ.मु. विकास गुप्ता पिता जैनेंद्र गुप्ता निवासी बनियापारा बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व की संपत्ति जो कि प.ह.न. 27, मौजा मोपका रा.नि.म. व तह. जिला बिलासपुर मे स्थित भूमि जिसका ख.न. 392/3 रकबा 0.20 एकड 394/4 मे से 0.03 एकड भूमि को तथा जैनेंद्र, विरेन्द्र, नरेन्द्र, धर्मेंद, हेमंत सभी पिता जवाहर सभी निवासी जूना बिलासपुर, सौरभ गुप्ता एंव अमन गुप्ता दोनो पिता होरी लाल गुप्ता दोनो निवासी रतनपुर द्वारा आ.मु.विकास गुप्ता पिता जैनेंद्र गुप्ता निवासी बनियापारा बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व की संपत्ति जो कि प.ह.न. 27, मौजा मोपका रा.नि.म. व तह. जिला बिलासपुर मे स्थित भूमि जिसका ख.न. 392/2 रकबा 0.10 एकड 392/5 रकबा 0.18 एकड भूमि तथा रमाकांत गुप्ता, रविकांत गुप्ता दोनो पिता स्व कृष्ण कुमार दोनो निवासी बिलासपुर एवं आ.मु. प्रेमलता पिता स्व कृष्ण कुमार, निवासी भिलाई, रजनी पिता स्व कृष्ण कुमार निवासी जुना बिलासपुर, निर्मला पिता स्व कृष्ण कुमार निवासी बसुन्धरा नगर बिलासपुर बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व की संपत्ति जो कि प.ह.न. 27, मौजा मोपका रा.नि.म. व तह. जिला बिलासपुर मे स्थित भूमि जिसका ख0न0 392/3 रकबा 0.20 एकड 392/4, 0.10 एकड को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा कर बैयाना राशि दी जा चूकी है व निकट भविष्य मे पंजीयन कराया जावेगा। इस पंजीयन के संबंध मे किस भी व्यक्ति, बैंक, संस्था निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय मे उपस्थित हो कर मय दस्तावेज सहित 7 दिनो के भीतर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करावे समय सीमा व्यतीत होने पर की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सविता पंजाबी, अधिवक्ता
पंप हाऊस के पास,
तिवारी चाल, जरहाभाठा, बिलासपुर
मो. 9424150589

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल



# 'सिकंदर' की स्क्रिप्ट में आखिरी समय पर बदलाव

**मुंबई।** सलमान खान ने हाल ही में सऊदी अरब में एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी की है। सुपरस्टार 24 फरवरी को खाड़ी में वापस लौटे और बीते दिन 'सिकंदर' के लिए फिर शूटिंग की। यह फिल्म ईद के मौके पर 28 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है। दरअसल, एआर मुरुगादोस की एक्शन फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से खत्म होने वाली है, लेकिन इस बीच निर्माताओं ने आखिरी समय में एक पोस्ट-क्रेडिट गाना शामिल करने का फैसला किया। टीम वर्तमान में गोरेगांव के फिल्म सिटी में रॉयल गोल्ड स्टूडियो में फुट-टैपिंग नंबर की शूटिंग कर रही है।

## लाइफ Style

# श्रेया घोषाल

## चिकनी चमेली गाने पर हुई शर्मिंदगी



श्रेया घोषाल इंडस्ट्री की मशहूर गायिकाओं में से एक हैं, जिन्होंने कई सुपरहिट ट्रैक गाए हैं। इनमें से एक गाना चिकनी चमेली भी है, जो ऋतिक रोशन की 2012 में रिलीज हुई अग्निपथ का गाना है। इस गाने में कैटरीना कैफ ने डांस किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

श्रेया ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह छोटी लड़कियों को बिना इसका अर्थ समझे गाते हुए देखती हैं, तो उन्हें इस गाने से शर्मिंदगी महसूस होती है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान श्रेया घोषाल ने कहा, मेरे पास कुछ गाने हैं, जो सीमा रेखा पर अश्लील नजर आते हैं, जैसे चिकनी चमेली।' उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में, वह छोटी लड़कियों को बिना गीत के बोल समझे ऐसे गाने गाते हुए देखकर सचेत हो गई हैं। इस इंटरव्यू के दौरान श्रेया ने कहा, यह एक मजेदार गाना है, बच्चे इस पर नाचते हैं और जब वह क, क्या मैं इसे आपके सामने गा सकता हूं? फिर मुझे बहुत शर्मिंदगी महसूस होती है कि एक छोटी लड़की, जो शायद 5-6 साल की होगी, उन गीतों को गा रही है। यह ठीक नहीं लगता, यह अच्छा नहीं लगता, मैं ऐसा नहीं चाहती।

श्रेया अब अपने द्वारा गाए जाने वाले गानों को लेकर बहुत सजग हो गई हैं। उन्होंने बताया कि भले ही वह गाना गाने के लिए राजी हो जाएं, लेकिन वह चाहती हैं कि गाना अच्छा लिखा हुआ हो। उन्होंने आगे कहा अगर ऐसा गाना किसी महिला ने लिखा होता, तो यह थोड़ा सुंदर होता। श्रेया ने आगे कहा, शायद अगर कोई महिला इसे लिख रही होती, तो वह इसे बहुत ही शालीन तरीके से लिखती।

## हॉलीवुड मसाला

# ड्वेन जॉनसन ने लिखा भावुक नोट



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन के पेट डॉग 'हॉब्स'की मौत हो गई है। अभिनेता ने अपने प्यारे पेट डॉग के साथ कई तस्वीरें और वीडियो भी पोस्ट किए हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने एक भावुक और लंबा नोट लिखा है। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि उनका पेट डॉग रात में शांति के साथ ही ये दुनिया छोड़कर चला गया। अभिनेता ने अपनी पोस्ट में लिखा, आरआईपी हॉब्स। मैं इस हानि से स्तब्ध हूं, लेकिन हम उसके द्वारा अपने परिवार को दिए गए प्यार के लिए आभारी हैं। हमें राहत है कि उसे लंबे समय तक तकलीफ नहीं हुई, क्योंकि वह चुपचाप और बहादुरी के साथ चला गया।



# दो एवेंजर्स फिल्मों की लगातार चल रही शूटिंग

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म निर्देशक एंथनी और जो रुसो ने अपनी आगामी फिल्मों 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' की शूटिंग के बारे में कुछ अहम जानकारी साझा की है। जो रुसो ने एक इंटरव्यू में जानकारी दी कि इन दोनों फिल्मों की शूटिंग लंदन में लगातार चल रही है। उन्होंने कहा कि यह एक लंबा और चुनौतीपूर्ण काम है, जिसे पूरा करने में काफी मेहनत लग रही है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म 1 मई, 2026 को रिलीज होने वाली है। वहीं, 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' को 7 मई 2027 को बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। इन फिल्मों को लेकर दर्शकों का उत्साह पहले से ही चरम पर है। अब रुसो ब्रदर्स की ओर दिए गए इस अपडेट ने फैंस की उम्मीदें और भी बढ़ा दी हैं। रुसो ब्रदर्स ने पहले भी मार्वल की चार बड़ी फिल्मों का निर्देशन किया है, जिनमें 'कैप्टन अमेरिका द विंटर सोल्जर', 'कैप्टन अमेरिका- सिविल वॉर', 'एवेंजर्स इंफिनिटी वॉर' और 'एवेंजर्स एंडगेम' जैसी फिल्में शामिल हैं।




# 'बी हैप्पी' 14 मार्च को ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन और इनायत वर्मा अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' की रिलीज डेट का ऐलान बुधवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर किया गया है। निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर भी जारी किया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। 'बी हैप्पी' प्राइम वीडियो पर 14 मार्च को रिलीज होगी। 'बी हैप्पी' एक समर्पित एकल पिता, शिव (अभिषेक बच्चन) और उनकी उत्साही, तेज-तर्रार बेटी धरा (इनायत वर्मा) के बीच अटूट बंधन की कहानी है। अपनी उम्र से कहीं ज्यादा समझदार धरा देश के सबसे बड़े डांस रियलिटी शो के मंच पर प्रदर्शन करने का सपना देखती है। चीजें तब बिगड़ जाती हैं, जब एक खलनायक उस सपने को चकनाचूर करने की धमकी देता है तो शिव बेटी के सपने को बचाने के मिशन पर निकलता है। अपनी बेटी की उम्मीदों को जीवित रखने के लिए वह अपने भाग्य को चुनौती देता है।



# धर्मा प्रोडक्शंस ने मार्को निर्देशक के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** मलयालम सिनेमा के एक्शन स्टार हनीफ अदेनी बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और वह इसे अपने स्टाइल में कर रहे हैं। मार्को की भूमिका में धमाल मचाने के बाद फिल्म निर्माता को किसी और ने नहीं, बल्कि करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने एक धमाकेदार एक्शन फिल्म के लिए साइन किया है, जो जितनी दमदार है, उतनी ही मजेदार भी है। द ग्रेट फादर (2017) और मिखेल (2019) जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले हनीफ अदेनी ने एक बार फिर मार्को के साथ अपनी प्रतिभा साबित की, जो एक क्रूर और अथक एक्शन से भरपूर फिल्म है। अब, वह अपनी सिग्नेचर हाई-इम्पैक्ट स्टोरीटेलिंग को हिंदी सिनेमा में लाने के लिए तैयार हैं। कथित तौर पर आगामी प्रोजेक्ट को बहुभाषी रिलीज के लिए प्लान किया जा रहा है। फिल्म के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

## टीवी मसाला




# माफिया, म्यूजिक और तबाही पर बेस्ड है क्राइम ड्रामा

**नई दिल्ली।** चंदन अरोड़ा द्वारा निर्देशित नई टीवी सीरीज कन्नेडा का हाल ही में ट्रेलर रिलीज हो गया है। 1 मिनट 45 सेकंड के वीडियो में एक भारतीय प्रवासी निम्मा को दिखाया गया है, जिसका किरदार परमिश वर्मा ने निभाया है, जिसे वैंकूवर में एक अपराध गिरोह में शामिल होकर जीवित रहना पड़ता है। 21 मार्च को प्रीमियर होने वाली जियो हाटस्टार सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब, रणवीर शौरी, अरुणोदय सिंह, आधार मलिक और जैस्मीन बाजवा भी हैं। हिंदी सीरीज के पहले ट्रेलर को देखकर निम्मा के सफर के बारे में जानने को मिला। सीरीज पंजाब के एक युवक की कहानी है जो अपराध की दुनिया में शामिल हो जाता है। यह सीरीज नाटकीय मोड़, चौंकाने वाले एक्शन और आश्चर्य से भरी हुई है। मालूम हो कि कन्नेडा ट्रेलर में परमिश वर्मा और अरुणोदय सिंह मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम पर, ट्रेलर को कैप्शन के साथ जारी किया गया है जिसमें लिखा है, 'माफिया, संगीत, तबाही, कन्नेडा में आपका स्वागत है। 21 मार्च से शुरू हो रहे हैं सभी एपिसोड.' जार पिक्चर्स द्वारा निर्मित थ्रिलर सीरीज, एक विदेशी देश में अपराध की एक घातक दुनिया की कहानी पेश करती है, जहां आम लोगों को सबसे अच्छे इरादों के बावजूद गुमराह किया जाता है।

## अनुपमा में होगी नए एक्टर की एंट्री, राही से निकलेगा कनेक्शन

**नई दिल्ली।** 'अनुपमा'में नए एक्टर की एंट्री होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये एक्टर राही के बायोलॉजिकल फादर का किरदार निभाएगा। राही के पिता के आने की वजह से कहानी में मजेदार ट्विस्ट आएगा। इंडिया फोरम की रिपोर्ट के मुताबिक, अनुपमा किसी काम से मंदिर जाएगी। वह पुजारी जी से बात करेगी और राही की खुशी की कामना करेगी। वह पूजा करने के बाद अपने हाथों में प्रसाद बाटेगी और तभी वहां राही के असली पिता रुद्र आएंगे। रुद्र गलती से अनुपमा से टकरा जाएगा और प्रसाद गिर जाएगा। अनुपमा, रुद्र पर भड़क जाएगी। वह उसे डांट लगाने जाएगी, लेकिन उसका चेहरा देख रुक जाएगी। रुद्र का चेहरा देख अनुपमा को लगेगा कि वह उसका कोई अपना है। उसे अपनेपन का एहसास होगा। उसे ऐसा लगेगा जैसे उसने उसे पहले कहीं देखा है, लेकिन वह उसे पहचानने नहीं पाएगी। आने वाले दिनों में अनुपमा को पता चलेगा कि उस आदमी का नाम रुद्र आद्या है और वह राही का असली पिता है।



# मनमोहन देसाई ने अमिताभ बच्चन के साथ दीं सात सुपरहिट फिल्में

**नई दिल्ली।** मनमोहन देसाई के सबसे पसंदीदा अभितनेता अमिताभ बच्चन ही थे, जिनके साथ उन्होंने सात सुपरहिट फिल्में बनाईं। इनमें कुली, अमर अकबर एंथनी, परवरिश, सुहाग, नसीब, मर्द, गंगा जमुना सरस्वती जैसी फिल्में शामिल थीं। यह सभी फिल्में अमिताभ के कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित हुईं।

### नंदा से हुआ था प्यार

मनमोहन देसाई की पत्नी प्रभा की मृत्यु के बाद उनकी जिंदगी में अभिनेत्री नंदा आईं, जिन्हें उनसे प्यार हो गया। हालांकि दोनों का रिश्ता कुछ खास आगे नहीं चला था।

### मुंबई में हुआ था जन्म

मनमोहन देसाई का जन्म 26 फरवरी 1937 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता कीकूभाई फिल्म प्रोड्यूसर थे। उन्होंने 1931 में पैरामाउंट फिल्म स्टूडियो की स्थापना की थी, जिसमें उन्होंने ज्यादातर एक्शन फिल्में ही प्रोड्यूस कीं। मनमोहन ने लंबे समय तक बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया।



### कई बॉलीवुड अभिनेताओं के साथ किया काम

उन्होंने शम्मी कपूर के साथ ब्लफमास्टर, राजेश खन्ना के साथ सच्चा झूठा और रोटी, रणधीर कपूर के साथ रामपुर का लक्ष्मण और जीतेंद्र के साथ भाई हो तो ऐसा जैसी सुपरहिट फिल्में बनाईं, लेकिन मनमोहन को कॅरियर की बुलंदियों पर पहुंचाने वाली फिल्म अमर अकबर एंथनी थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर और विनोद खन्ना ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

### हमेशा से निर्देशक बनने का था सपना

मनमोहन देसाई हमेशा से निर्देशक बनना चाहते थे और वह अपनी पहली फिल्म में राज कपूर और नूतन को कास्ट करना चाहते थे। केवल 20 साल की उम्र में मनमोहन ने अपनी पहली फिल्म 'छलिया' निर्देशित की। इस फिल्म में राज कपूर और नूतन ने काम किया। लेकिन, राज कपूर ने इस फिल्म को करने से पहले मनमोहन देसाई से साफ कहा था कि अगर फिल्म के गानों को सही ढंग से नहीं फिल्माया गया तो वह बीच में ही फिल्म छोड़ देंगे। ऐसे में जब फिल्म का पहला गाना 'डम डम डिगा डिगा' फिल्माया गया। राज कपूर देसाई का काम देखकर खुश हो गए और फिल्म की शूटिंग पूरी हुई।

# महादेव की भक्ति में लीन विक्की कौशल-सुनील शेट्टी, कंगना रनौत ने सद् गुरु संग साझा की तस्वीर

**मुंबई।** बुधवार 26 फरवरी को सनातन धर्म को मनाने वाले लोग महादेव की भक्ति, उपासना में मगन नजर आए। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी महादेव के भक्त हैं, इन लोगों ने भी सोशल मीडिया पर महाशिवरात्रि से जुड़ी पोस्ट कीं। इसमें विक्की कौशल, कंगना रनौत और सुनील शेट्टी शामिल हैं। विक्की कौशल इन दिनों फिल्म 'छावा'को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उन्होंने छत्रपति संभाजी महाराज का रोल किया है। संभाजी महाराज महादेव के बहुत बड़े भक्त थे, फिल्म में भी विक्की कौशल पर कुछ सीन फिल्माए गए हैं, जिनमें वह शिव जी पूजा कर रहे हैं। साथ ही फिल्म में युद्ध से पहले के दृश्यों में वह महादेव के नाम का उद्घोष करते हैं। इन्हीं सींस को महाशिवरात्रि पर विक्की कौशल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है। कैप्शन में लिखा है- 'ॐ नमः पार्वती पतये हर हर महादेव।'



**इन सितारों ने भी की पोस्टः** कई बॉलीवुड कलाकार भी हैं, जिन्होंने महाशिवरात्रि पर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें अक्षय कुमार, वरुण धवन, भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी, निमृत कौर शामिल हैं। कुणाल खेमू ने भी महाशिवरात्रि पर एक पारंपरिक कश्मीरी पर्व मनाया है।

### सुनील शेट्टी ध्यान में बैठे हुए दिखे

सुनील शेट्टी ने भी एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया है, जिसमें ध्यान करते हुए दिखे। वह कैप्शन में भी लिखते हैं- 'शिव के प्रति समर्पित हो जाइए, सब कुछ आपको मिल जाएगा।'जल्द ही सुनील शेट्टी एक फिल्म 'केसरी वीर'में नजर आएंगे। इसमें वह सोमनाथ मंदिर की रक्षा करने वाले योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं।

### कंगना ने तस्वीर साझा की

कंगना रनौत ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु के साथ एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर पर उन्होंने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दी हैं। हर साल महाशिवरात्रि पर कंगना रनौत, दक्षिण भारत में स्थिति सद्गुरु के आश्रम जाती हैं, वहां महादेव की भक्ति करती हैं, ध्यान करती हैं।

## न कोई शोर शराबा और न ही कोई हीरो

# 6 लीड एक्ट्रेस के साथ मेकर ने बनाई फिल्म और कर डाली बजट से 18 गुना कमाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 2023 में प्रभास और कृति सेनन की 'आदिपुरुष' और अक्षय कुमार की फिल्म 'ओएमजी 2' रिलीज हुई थी। 'आदिपुरुष' बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी। भारी भरकम बजट और मेगा स्टारकास्ट के साथ बनी ये फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ढेर हो गई थी। लेकिन, इन फिल्मों के बीच बिना किसी शोर-शराबे के एक ऐसी रिजनल फिल्म आई थी जिसने बिना प्रमोशन के ही धमाकेदार कमाई कर डाली थी।

बॉलीवुड को छोड़कर अगर रीजनल फिल्मों की बात करें तो अक्सर साउथ फिल्मों का दबदबा देखने को मिलता है। लेकिन, आज जिस फिल्म के बारे में बात कर रहे हैं वो एक मराठी फिल्म है। मामूली से बजट में बनी इस मराठी फिल्म ने कमाई के मामले में बड़ी-बड़ी बॉलीवुड फिल्मों को पछाड़ दिया था। बॉलीवुड की कई बड़ी बजट फिल्मों के बीच मराठी फिल्म 'बाईपण भारी देवा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर अपनी सफलता से न सिर्फ सबको हैरान किया था, बल्कि इतिहास भी रच दिया था।



### 92 करोड़ रुपए का किया था बिजनेस

माधुरी भोसले द्वारा प्रोड्यूस और केदार शिंदे द्वारा निर्देशित फिल्म 'बाईपण भारी देवा' महज 5 करोड़ के सामान्य बजट में बनी थी। इस फिल्म में 6 महिलाओं ने लीड रोल अदा किया था और एक भी बड़ा हीरो फिल्म का हिस्सा नहीं था। रिया शर्मा, दीपा परब, रोहिणी हट्टंगडी, वंदना गुप्ते, शिल्पा नवलकर, सुकन्या कुलकर्णी ने लीड रोल अदा किया था। 6 महिलाओं के लीड रोल में बनी फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ दिए थे। 5 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने 50 दिनों में दुनियाभर में 92 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था।

### 6 बहनों की है कहानी

'बाईपण भारी देवा' 6 बहनों की कहानी है जो दर्शकों के दिलों में घर कर गई थी। रोजमर्रा की जिंदगी की जद्दोजहद में 6 बहनें एक-दूसरे से काफी दूर हो जाती हैं। दो बहनों के बीच बातचीत एकदम ही बंद रहती है, लेकिन एक डांस कॉम्पीटीशन उन्हें धीरे-धीरे पास ले आता है। डांस कॉम्पीटीशन की तैयारी में जुटी ये 6 बहनें अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को फिर से गले लगा लेती हैं। लेकिन, फिल्म में दिलचस्प मोड़ तब आता है जब वो ये प्रतियोगिता हार जाती हैं। हारते ही उनके बीच एक बार फिर दरार पड़ने लग जाती है।

### दर्शकों के दिलों में कर गई घर

इस फिल्म में आम महिलाओं के एहसासों और उनकी अलग-अलग दिक्कतों को बड़े मजेदार और हल्के-फुल्के अंदाज में बयां किया गया है। घरेलू हों या फिर कामकाजी, अमीर हो या गरीब हर महिला ने फिल्म के कंटेंट के साथ रिलेट किया था। बिना किसी शोर-शराबे के आई इस फिल्म की सामान्य सी कहानी दर्शकों के दिलों में घर कर गई। ओटीटी पर भी इस कम बजट फिल्म को काफी पसंद किया गया। सिनेमाघरों में धाक जमाने के बाद 6 बहनों की कहानी इन दिनों जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

खबर संक्षेप



## बाइक सवार से लूट फरार दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू अड़ाकर बाइक सवार से नकद व दस्तावेज लूटने वाले फरार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार 16 जनवरी को कड़ार निवासी चंद्र प्रकाश चौहान अपने जीजा के घर जयरामनगर से वापस गांव लौट रहे थे। रात 9.30 बजे सिलपहरी ओवरब्रिज के आगे बाइक सवार दो युवकों ने चाकू अड़ाकर पर्स सहित 1200 रुपए नकद, एटीएम कार्ड, लाइसेंस, पेनकार्ड, आधार कार्ड लूट लिया था। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में लगी हुई थी। सीएसपी निमितेश सिंह ने लुटेरों को पकड़ने का निर्देश दिया था। टीआई रजनीश सिंह ने टीम बनाकर उस मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला। फुटेज के आधार पर पुलिस ने विजय कुमार पाटले पिता स्व. रेशम लाल पाटले 40 साल यदुनंदननगर तिफरा, जुबेर खान पिता जलील खान 36 साल तालापारा निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों युवकों ने लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर 200 रुपए, वारदात में प्रयुक्त आटो व बटनदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## युवक के पास मिला चाकू, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भाग रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से बटनदार चाकू मिला है। पुलिस ने चाकू जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। चुनाव समाप्त होने के बाद एसपी रजनेश सिंह ने थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्र में सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों को पकड़कर कार्रवाई करने आदेश दिया है। मंगलवार की रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई रजनीश सिंह स्टाफ के साथ सिरगिट्टी क्षेत्र में सरप्राइज चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान आने जाने वाले वाहन सवारों को रोककर पूछताछ कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। उसे भागते हुए देखकर पुलिस अधिकारियों को संदेह हुआ और स्टाफ भेजकर उसे पकड़कर लाने भेजा। पुलिस ने पीछाकर तिफरा निवासी राजकुमार उर्फ बिल्ली मानिकपुरी पिता भानूदास मानिकपुरी 30 साल को पकड़कर लाया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से बटनदार चाकू मिला। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत चाकू जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# 14 दिन सारनाथ के पहिए थमने से 34 हजार यात्री नहीं जा पाए प्रयागराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सारनाथ एक्सप्रेस के पहिए को रेल प्रशासन ने प्रयागराज में चल रहे मुख्य आयोजन महाकुंभ के दौरान 14 दिन तक रोकने का आदेश जारी कर दिया है, जिसके कारण बिलासपुर और रायपुर डिवीजन से अप-डाउन सफर करने वाले 34 हजार से अधिक यात्रियों का प्रयागराज तक जाने का सपना टूट गया है। इन यात्रियों को रेलवे ने कोई अतिरिक्त व्यवस्था तो नहीं की, लेकिन टिकिट की पूरी राशि को रिफंड करना शुरु कर दिया है। प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित होने वाले महाकुंभ का अंतिम समय आ गया है, जो 26 फरवरी तक चलेगा।

महाकुंभ में जाने के लिए प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। प्रतिदिन बिलासपुर, रायपुर सहित अन्य जिलों से प्रयागराज में जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 80 हजार से अधिक है, जो ट्रेन के साथ अपने निजी वाहन और बस से आना-जाना कर रहे हैं। प्रदेश से सारनाथ एक्सप्रेस में प्रयागराज जाने के लिए 26 फरवरी तक लोग अलग-अलग दिन में बुकिंग कराते रहे।

### बिलासपुर आने-जाने वाले यात्री 13832 और रायपुर डिवीजन के 21000 यात्रियों ने की थी बुकिंग



#### रायपुर के 21 हजार यात्री शामिल

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर डिवीजन से सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 13832 है, जिन्होंने काउंटर से बुकिंग है। इन यात्रियों को 60 लाख 1 हजार 133 रुपए रिफंड किया गया है। इसके अलावा तीन से चार गुना अधिक यात्रियों ने आनलाइन भी टिकिट बुकिंग की थी, जिनकी राशि ट्रेन के रद्द होते ही उनके एकाउंट में वापस हो गई। इसी तरह रायपुर डिवीजन से सारनाथ एक्सप्रेस में प्रयागराज तक आने-जाने वाले प्रतिदिन के यात्री 1500 के हिसाब से 21 हजार से अधिक हैं। इन सभी यात्रियों को करीब 3 से 4 करोड़ रुपए की राशि रिफंड की गई है।

इस ट्रेन में भीड़ अधिक होने की स्थिति में रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर बिलासपुर जोन ने कुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक-एक फेरे के लिए शुरु कर दिया था, जिसके बावजूद सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो सकी। दूसरी ओर प्रयागराज संगम और प्रयागराज स्टेशन पर स्पेशल के साथ सामान्य ट्रेनों के अधिक होने के कारण प्लेटफार्म खाली नहीं मिल पा रहे थे। इसे देखते हुए प्रयागराज स्टेशन तक जाने वाली दुर्ग-छपरा और छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन डायवर्ट करते हुए प्रयागराज छिक्की से कर दिया गया। प्रयागराज स्टेशन के बजाय यात्री सारनाथ एक्सप्रेस प्रयागराज छिक्की तक आने-जाने लगे थे। वर्तमान में ट्रेन के जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच की स्थिति ऐसी है कि 26 फरवरी तक किसी भी तरह से यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय में रेल प्रशासन ने पहले 19 फरवरी यानि बुधवार से शुक्रवार यानि 20 और 21 फरवरी तक दुर्ग से रवाना होने वाली 15160 सारनाथ एक्सप्रेस को दुर्ग से और 21, 22, 23 फरवरी को छपरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस के पहियों को थामने का आदेश जारी कर दिया था, जिसे बढ़ाकर दुर्ग से जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 26 फरवरी यानि महाकुंभ के आयोजन के अंतिम दिन और छपरा से दुर्ग आने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के पहिए को 28 फरवरी तक रोकने का नया आदेश जारी किया है। इस आदेश की कॉपी आईआरसीटीसी की वेबसाइट और आरक्षण कार्यालय में भी पहुंच गई है, जिसके मिलते ही बुकिंग भी बंद हो गई है। ट्रेन के पहिए थमने के कारण दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, उसलापुर सहित अन्य स्टेशनों से प्रयागराज और दूसरे स्टेशन तक सफर करने वाले 34 हजार से अधिक यात्रियों का सफर प्रभावित हुआ है, जिनकी वेटिंग और कंफर्म टिकिट को रिफंड करना शुरु कर दिया गया है।

### लगभग सभी चौक-चौराहों में इससे दिक्कत हो रही

# हर चौक के लेफ्ट टर्न पर कब्जा, सिग्नल की टाइमिंग भी ठीक नहीं, परेशान हो रहे लोग



मंदिर चौक जरहाभाठा में लेफ्ट साइड ही नहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल के कारण ही अब जाम लगने लगा है। यह सब गलत प्लानिंग का नतीजा है। जानकारों कहना है कि यदि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना है तो सबसे पहले चौराहों के पास सड़कें चौड़ी करनी होंगी। लेफ्ट टर्न बनाने होंगे और सिग्नल की टाइमिंग को ठीक करना होगा। एम्बुलेंस को निकलने का रास्ता तक नहीं मिल पा रहा। लगभग सभी चौक चौराहों में इससे दिक्कत हो रही है। शहर के अधिकांश सिग्नलों में रुकने के लिए तो 75 से 100 सेकंड का ज्यादा समय है, लेकिन निकलने के लिए सिर्फ 20 से 30 सेकंड ही मिल पा रहे हैं। ऐसे में कई बार पूरे वाहन निकलने से पहले ही सिग्नल रेड हो रहा है।

- एम्बुलेंस को निकलने का रास्ता तक नहीं मिल पा रहा

चौराहों पर लेफ्ट टर्न फ्री रखने की व्यवस्था के फेल होने की मुख्य वजह पुलिस का सख्ती नहीं दिखाना है। असल में लेफ्ट टर्न को बाधित करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई के लिए पुलिस की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जल्दी निकलने की होड़ में वाहन चालक इस व्यवस्था की परवाह किए बगैर लेफ्ट टर्न को बाधित कर खड़े हो जाते हैं। एसईसीएल कर्मचारी अनिल पाल के मुताबिक सिग्नल जरूरी है।

#### गांधी चौक

गांधी चौक में लगा सिग्नल लोगों को अधिक परेशान कर रहा है। यहां भी कभी जाम नहीं लगा लेकिन अब लोग परेशान हो रहे हैं। यहां कौन से लेफ्ट टर्न है और कौन सा राइट और सीधा जाना है, पता ही नहीं चलता। सिग्नल लगाना था तो बस लगा दिया गया। यहां ना कोई बेरिकेट दिखता है और ना ही ट्रैफिक के कोई जवान। जिसकी जैसी मरजी गाड़ी चला रहा है।

#### महामाया चौक

इंदिरा सेतू से होकर जब महामाया चौक पहुंचते हैं तो लेफ्ट टर्न नाम की चीज नदारद दिखती है। यही हालत सरकंडा की ओर से इंदिरा सेतू पर पहुंचने के समय होता है। थोड़ी सी जगह जरूर लेफ्ट टर्न के लिए है जिस पर हमेशा वाहन खड़े रहते हैं। रतनपुर की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए तो कोई जगह ही नहीं है। यदि यहां सिग्नल लंबा हुआ और चारपहिया वाहनों का लोड अधिक रहा तो आधे इंदिरा सेतू तक जाम लग जाता है।

#### सत्यम चौक से तारबाहर



शहर के बीच में सत्यम चौक से लेकर तारबहार चौक तक निगाह डालें तो किसी भी जगह लेफ्ट टर्न इतनी चौड़ी नहीं है कि एक कार निकल सके। बाइक सवारों को भी कई बार मुश्किल होती है। दरअसल शहर की सड़कें उतनी चौड़ी है ही नहीं। सत्यम चौक में ट्रैफिक थाने के बगल से पतली सी जगह है तो अग्रसेन चौक में पूरी दुकानें और उनके सामान सड़क पर रहते हैं। तारबाहर चौक का तो भगवान ही मालिक है। यहां सिग्नल जरूर है लेकिन पालन कोई नहीं करता। लोगों के मुताबिक यहां की रोटरी को छोटा करना चाहिए और सड़कें भी चौड़ीं हों तो बेहतर होगा।

### यह है हालत

#### महाराणा प्रताप चौक



यूं तो यहां दिनभर ही वाहनों के उलझने की स्थिति बनती है। शाम को ट्रैफिक लोड ज्यादा होने के कारण मुसीबत बढ़ जाती है। मंगला से होकर गौरव पथ और फिर राजीव गांधी चौक की तरफ जाने वालों को लेफ्ट टर्न की जगह भी नहीं मिल पा रही। कार चालक तो सबसे ज्यादा परेशान हैं। आटो वाले यहां कब्जा जमाए रहते हैं। व्यापार विहार की तरफ से आने वालों के लिए तो लेफ्ट टर्न मतलब पूरा तिफरा पुल घूमकर आना और फिर चौक की जाम में फंस जाना है। चौक पर बड़ा ओवरब्रिज बन जाने के बाद भी जाम से मुक्ति नहीं मिल सकी है।

#### देवकीनंदन चौक



इस चौक पर कभी भी जाम लगने की शिकायत नहीं रही और ट्रैफिक स्मूथ चलता रहा है। जब से लेकिन सिग्नल लगा है वाहनों की कतार लग जाती है। इस चौक पर कौन से लेफ्ट टर्न है और कहां से निकलना है कुछ समझ नहीं आता है। ट्रैफिक के जवान भी तैनात नहीं रहते। जब तक सिग्नल रेड से ग्रीन ना हो रुकना ही पड़ता है। कई बार इस चौक पर सिग्नल टाइमिंग की गलत सेटिंग परेशान करती हैं।

#### नेहरू चौक चांटापारा



शहर के सबसे व्यस्तम इस चौक में लेफ्ट टर्न तो बनाया गया है लेकिन पालन कोई नहीं करता। कलेक्टोरेट की तरफ से आने वाले जिन्हें कि इंदिरा सेतू की तरफ जाना है उन्हें परेशानी होती है। लेफ्ट टर्न पर भी लोग खड़ हो जाते हैं। मुख्य डाकघर की तरफ से आने वालों लोगों को तहसील आफिस के सामने खड़ी की गईं गाड़ियां के कारण परेशानी होती है। इस चौक में तो कई बार विवाद हो चुका है।

**यह है लेफ्ट टर्न-** ज्ञात हो कि चौराहों पर यायातात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए लेफ्ट टर्न बनाया जाता है। इससे बाएं तरफ मुड़ने वालों को ट्रैफिक सिग्नल में खड़ा नहीं होना पड़ता है, वे सीधे बाईं तरफ से निकल जाते हैं, इससे वाहनों की कतार नहीं लगती है। चौराहे पर लेफ्ट टर्न नहीं होते हैं तो वाहनों को जाने के लिए भी सिग्नल में रुकना पड़ता है। ऐसे में बेवजह समय की बर्बादी होती है और जाम की स्थिति बनती है।

# 6 घंटे देर से पहुंची उत्कल एक्सप्रेस में यात्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में पूरे 6 घंटे विलंब से पहुंची उत्कल एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री की तबियत बिगड़ने के उपरांत ट्रेन के स्टेशन पहुंचने तक मौत हो गई। इसकी सूचना रेल मदद के माध्यम से मिलने के बाद डाक्टर ने स्टेशन पहुंचकर यात्री का चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया।

ट्रेन में प्रतिदिन हजारों, लाखों की संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। इन यात्रियों में कई बीमार भी होते हैं, जो समय पर अपना इलाज कराने के लिए संबंधित स्टेशन में उतरकर डाक्टर के पास जाना चाहते हैं। ट्रेन की लेट लतीफी इतनी अधिक हो गई है कि बीमार यात्रियों को समय पर सही इलाज नहीं होने से उनकी मौत भी हो रही है, जिससे दूसरे यात्री भी परेशान हो रहे हैं। इतनी अधिक घटनाएं होने के बाद भी रेल प्रशासन ट्रेनों को समयानुसार चलाने में सफल नहीं हो पा रही है। दूसरे जोन के साथ बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में आने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी भी पिछले कई वर्षों से जारी है, जिसमें सुधार नहीं होने की वजह से यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें भी छूट रही हैं। इसी तरह का हाल बुधवार की शाम जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में हुआ। दोपहर को पुरी से ऋषिकेश हरिद्वार की ओर जाने वाली 18477 उत्कल एक्सप्रेस के एसी कोच ए 2 में हरियाणा निवासी 66 वर्षीय कृष्ण कुमार शर्मा अपनी पत्नी पुष्पा शर्मा के साथ पुरी से दिल्ली तक सफर कर रहे थे। दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने वाली उत्कल एक्सप्रेस शाम 7 बजकर 10 मिनट पर प्लेटफार्म नम्बर तीन पर पहुंची। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने से एक घंटे पहले जयरामनगर के पूर्व स्टेशन में यात्री की अचानक तबियत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर की मदद के लिए रेल मदद से गुहार लगाई गई। रेल मदद में दिल्ली से तत्काल बिलासपुर कंट्रोल को और कंट्रोल से बिलासपुर रेलवे स्टेशन में सूचना मिलते ही स्टेशन स्टाफ और रेल डॉक्टर प्लेटफार्म पर पहुंच गए। स्टेशन में ट्रेन रूकते ही कृष्ण कुमार शर्मा को तत्काल रेलवे हास्पिटल ले जाकर चेकअप किया गया, जिसके उपरांत डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

- डाक्टरों की टीम ने स्टेशन पहुंचकर किया चेकअप

#### हार्ट पेशेंट थे यात्री

कृष्ण कुमार शर्मा की पत्नी ने बताया कि वे हार्ट के पेशेंट थे और कुछ दिन पहले राउरकेला गए थे, जहां उनकी तबियत बिगड़ गई थी। उनके निधन की सूचना हरियाणा में उनके परिजन को भी दे दी गई है, वे गुरुवार की सुबह फ्लाइट से आने की बात कह रहे हैं। फिलहाल स्टेशन कर्मचारियों ने यात्री के निधन की सूचना आरपीएफ और जीआरपी को दे दी है, जिसके उपरांत ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी जी
93406-38884



नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## पोर्न वीडियो अपलोड करने वाले 4 के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सोशल में बच्चो के पोर्न वीडियो अपलोड करने वाले 4 लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, नेशनल क्राइम ब्यूरो से शिकायत मिली कि सोशल मीडिया में सकरी क्षेत्र के लोगों द्वारा बच्चों का अश्लील वीडियो अपलोड किया गया है। उसके आधार पर पुलिस ने पोर्न वीडियो अपलोड करने वाले मोबाइलधारकों के खिलाफ 67 बी, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल के माध्यम से मोबाइलधारकों की पतासाजी में जुट गई है।

# कार्यालय के सामने हंगामा, 50 हजार दी सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मासूम की हत्या के मामले में दूसरे दिन माता पिता व मजदूरों ने बिल्डर के आफिस का घेराव कर मुआवजा राशि की मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया। टीआई की समझाइश के बाद 50 हजार रुपए सहायता राशि देने पर हंगामा समाप्त हुआ।

25 फरवरी को सरकंडा स्थित एक कालोनी के निर्माणाधीन मकान के टायलेट में लापता 5 साल के बच्ची की लाश मिली थी। 14 साल के नाबालिग ने उसके साथ अनाचार का प्रयास किया, विरोध करने पर लकड़ी के बत्ते से हमला कर हत्या उसकी कर दी थी। पुलिस ने नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया था। 26 फरवरी को सुबह 11.30 बजे निमार्णाधीन मकान के पीछे रहने वाले मजदूरों को गुस्सा फुट गया और मृतका माता पिता और बड़ी संख्या में मजदूर निर्माणाधीन कालोनी के पीछे बिल्डर के आफिस का घेराव कर सुरक्षा व्यवस्था की कोई व्यवस्था नहीं होने व मुआवजा राशि की मांग को लेकर हंगामा मचाने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर डेढ़ घण्टे तक मजदूर आफिस के सामने हंगामा मचाते रहे। सूचना पर सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय मौके पर पहुंचे और मजदूरों से चर्चा करने के बाद बिल्डर को सहायता राशि देने कहा। उस पर बिल्डर के द्वारा मृतका के परिजन को 50 हजार रुपए सहायता राशि दी गई। उसके बाद हंगामा शांत हुआ है।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यकता हैं
हरिभूमि कार्यालय में रात्रिकालीन कार्य करने के लिये चपरासी की आवश्यकता है।
इच्छुक युवक आवेदन पत्र के साथ संपर्क करें:-
हरिभूमि
रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# दो सूने मकानों में चोरों का धावा लाखों के जेवर नकद पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



चोरों ने आतंक मचाते हुए सकरी स्थित आसमा सिटी के दो सूने मकानों में धावा बोलकर लाखों के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सकरी पुलिस के अनुसार, आसमा सिटी फेस 2 एजे 83 निवासी प्रियांशु मिश्रा पिता हरिहर मिश्रा 19 फरवरी की शाम 7 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ मध्यप्रदेश रींवा चले गए थे। 26 फरवरी की सुबह 8 बजे वे घर लौटे तो दरवाजे की कुंडी कटी हुई थी। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी से 30 हजार रुपए नकद, सोने की अंगूठी, पायल चोरी हो गई थी। इसी तरह आसमा सिटी फेस 2 एटीयू 9 निवासी आशीष कौशिक पिता रिखीराम कौशिक 24 फरवरी को घर के दरवाजे में ताला लगाकर पत्नी बच्चे के साथ प्रयागराज चले गए थे। 26 फरवरी को वे परिवार के साथ घर लौट तो दरवाजे का सेंट्रल लाक टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी से 2 हजार रुपए नकद, सोने की बिंदिया, पायल चोरी हो गई थी। दो मकानों में चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस दोनों मकानों का मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग



9 दिन
19 मार्च से 27 मार्च 2025, 16 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
07 मई से 15 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### भटगांव के नवनिर्वाचित सरपंच को दिया गया प्रमाण पत्र



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत भटगांव से चोवाराम ओगरे सरपंच निर्वाचित हुए। तहसीलदार एवं उनकी टीम ने चोवाराम ओगरे को बधाई देते हुए निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया। नव निर्वाचित सरपंच चोवाराम ने अपनी जीत को ग्रामवासियों की जीत बताते हुए मिलजुल कर क्षेत्र में विकास कराने की बात कही। ग्राम पंचायत भटगांव से चोवाराम ओगरे ने सरपंच के लिए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी जीत पर खुशी का इजहार करते कहा कि वे अपने पंचायत क्षेत्र को सुन्दर व विकसित बनाने के लिए सभी को साथ लेकर कार्य करेगे। शासन की योजनाओं को आम जरूरतमंदो को उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने उन्हे बधाई दी।

### ग्राम पंचायत निरतु से बिंद सरपंच निर्वाचित



**खम्हरिया।** मस्तूरी के ग्राम पंचायत निरतु में 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव स्वतंत्र व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पंचायत के मतदाताओं ने गांव की सरल स्वभाव व मिलनसार प्रत्याशी कृष्ण मुरली मनोहर बिंद के पक्ष में मतदान कर उन्हें सरपंच चुना। हालांकि ग्राम पंचायत निरतु में सरपंच पद के लिए चार प्रत्याशियों ने जोर लगाया था लेकिन जनता का आशीर्वाद कृष्ण मुरली मनोहर बिंद को मिला। इस प्रकार कृष्णा मुरली मनोहर बिंद ने 696 वोट प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हेमलता पटेल को 130 वोटों से हराया। हेमलता पटेल को 566 वोट मिले।

### कन्नौजिया समाज की दो दिवसीय महासभा आज से

**सीपत।** छग कन्नौजिया कुंभकार समाज की दो दिवसीय महासभा 27 से 28 फरवरी तक सीपत सामुदायिक भवन में आयोजित की जाएगी। महासभा में रतनपुर, रायपुर, तखतपुर व पेंड्रा राज के सामाजिक लोग शामिल होंगे। महासभा में समाज के प्रदेश स्तरीय नए पदाधिकारियों का गठन किया जाएगा एवं समाज विकास के अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी रतनपुर राज के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुंभकार ने दी।

### मशरूम उत्पादन सहित विभिन्न प्रशिक्षणों की शुरुआत आज से

**सीपत।** ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में वैदिक महाविद्यालय सीपत में 27 फरवरी से 3 मार्च तक पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन, हर्बल गुलाल, सिलाई व कम्प्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत 100 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में वैदिक महाविद्यालय का यह अनुकरणीय पहल है। संस्था के चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय ने बताया कि आधुनिक काल में समाज आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। गांव की अर्थव्यवस्था बिगड़ रही है। ग्रामीण विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। ताकि वे इसका सदुपयोग कर ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर सकें व स्वावलंबी बनकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सके।

### पाली महोत्सव में देर रात तक राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने बांधा समा



**कोरबा।** महाशिवरात्री के अवसर पर पाली में आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया। इस दौरान देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देते हुए देश प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने पाली अंचल वासियों को और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे दर्शकों को अपनी कला में बांधे रहा। दो दिन तक चलने वाले कार्यक्रम के पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पाली महोत्सव अंचल की सांस्कृतिक विरासत को पहचान देता है प्रदेश सरकार संस्कृति के संरक्षण को लेकर कार्य कर रही है। प्रदेश में सरकार गठन के बाद से लोक संस्कृति के संरक्षण को लेकर छग उन्नति करते आ रहा है। औद्योगिक विकास के साथ साथ प्रदेश सरकार छग की सांस्कृतिक क्षेत्र में विकास का कार्य कर रही है। प्रदेश में राजिम कुंभ सहित अनेक पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ साथ वहां रोजगार के अवसर विकसित करना है। कोरबा का पाली महोत्सव प्रदेश में अपनी अमिट पहचान बना चुका है जिसे देखने के लिए प्रदेश के अन्य जिलों से लोग पहुंचते हैं। कार्यक्रम के पहले दिन जशगीत गायत दिलीप षडंगी की आवाज गूंजेगी। इसके अलावा उत्तर भारत क्षेत्र की प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर एवं सुनील जोशी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देर रात तक चले कार्यक्रम को देखने के लिए दर्शक जुटे रहे।

## आरोपियों से देसी कट्टा सहित सामान एवं नकद बरामद

# पूर्व प्रधान पाठक के घर में लूट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने अंतर्राज्यीय लूटेरे गिरोह का किया खुलासा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम मसना में चाकू एवं कट्टे की नोक पर प्रधान पाठक एवं उनकी पत्नी को घर में बंधक बनाकर सोना-चांदी व नगदी रकम लूटने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अंतर्राज्यीय लुटेरे गिरोह का पर्दाफाश करते हुए घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं लूट की रकम सहित सोने-चांदी के गहने बरामद कर लिया। आरोपी पूर्व में भी ट्रेन हाईजैकिंग, बैंक डकैती व हथियार तस्करी जैसी बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है।

पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि 19 फरवरी को प्रार्थी द्वारिका प्रसाद वैष्णव पिता लखन दास निवासी 62 वर्ष निवासी मसना ने लोरमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 18 फरवरी की रात करीब 8 बजे कुछ नकाबपोश लुटेरे उनके घर में घुसे और कट्टे की नोक पर लगभग 8 लाख रूपए के सोने चांदी के गहने एवं 3 लाख नगदी लेकर फरार हो गए। उनकी शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 309 (4), 331(6), 127(2) तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने पूर्व के प्रकरण में संलिप्त संदेही राजकुमार कश्यप पिता सीताराम उम्र 55 साल को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपने साथी तौहीद खान के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ने लूट की रकम में से 25000 रूपए मिलने और उक्त रकम में से 11 हजार रुपए खर्च हो जाने एवं तीनों आरोपियों के फरार होने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14 हजार रुपए जब्त कर 23 फरवरी को उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी इसी दौरान तौहीद खान पिता अकबर खान को इंदाचानी मोड़ थाना सोमनी नेशनल हाइवे को पास घेराबंदी कर पकड़ के पूछताछ की गई तो उसने वारदात को अंजाम देना स्वीका कर लिया। पुलिस ने आरोपी तौहीद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 जोड़ी सोने का झुमका कीमती लगभग 1.5 लाख, 1 नग नथनी कीमती लगभग 26 हजार, 1 नंग अंगूठी किमती लगभग 47 हजार, 1 नग लॉक्रेट कीमती लगभग 13 हजार, 1 सेट चोकर कीमती लगभग 2 लाख 78 हजार तथा चांदी का 2 जोड़ी लच्छा कीमती लगभग 60 हजार, 1 जोड़ी पायल कीमती लगभग 27 हजार, 1 नग करधन कीमती लगभग 20 हजार, 1 जोड़ी पायल कीमती जगभग 3 हजार, 1 नग कटोरी कीमती लगभग 500 सौ, 2 जोड़ी बिछिया कीमती लगभग 500 सौ, चम्मच 3 नग किमती लगभग 500 सौ, कीरिंग 2 नग किमती लगभग 2 हजार, चूड़ा 2 जोडा कीमती लगभग 1 हजार, मुकुट 1 जोडी कीमती लगभग 02 हजार, 2 नग मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 2 बाइक एवं लूट की नकद रकम 90 हजार व 1 नग देशी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त सामान।

### आरोपियों का है क्राइम रिकॉर्ड

उक्त दोनों आरोपियों ने वर्ष 2013 में गैंगस्टर उपेन्द्र सिंह उर्फ कवरा को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के लिए ट्रेन हाईजैक की घटना को अंजाम दिया था। साथ ही इन्होंने वर्ष 2014 में दुर्ग जिले में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हुई रॉबरी की घटना में हथियार उपलब्ध कराया था। इसके अतिरिक्त आरोपी कोरबा, राजनांदगांव एवं अन्य जिलों में लूट, डकैती जैसे कई गंभीर अपराधों को अंजाम दे चुके हैं।

# फर्जी मोबाइल सिम बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 8 बंदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के उपनगरीय क्षेत्र में संचालित कुछ मोबाइल दुकान में काम करने वाले युवकों ने मोटी रकम कमाने के लिए दूसरों के नाम पर सिम इश्यू कर उसे मोटी रकम में बेच दिया करते थे। जब पुलिस के अफसरों तक यह बात पहुंची तो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की विशेष टीम ने मामले की तहकीकात शुरू की तो मामला चौकाने वाला सामने आया। फिर क्या था पुलिस ने एक एक कर इस गिरोह से जुड़े 8 लोगों को धर दबोचा है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमान सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर साइबर प्रभारी रविंद्र कुमार मीणा सहित पुलिस की टीम ने साइबर ठगी करने वाले व फर्जी सिम बेचकर मोटी रकम उगाही करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी, धवईपुर डुडगा, कटघोरा सहित अन्य स्थानों से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोबाइल सिम जारी करने के लिए फिंगर स्कैनर का इस्तेमाल करते थे और धोखे से एक ही व्यक्ति के फिंगरप्रिंट को तीन-चार बार स्कैन कर कई सिम कार्ड जारी कर लेते थे। इन फर्जी सिम कार्डों को मोटी रकम में बेचा जाता था, जिससे साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता था। प्रारंभिक जांच में करीब 2 हजार फर्जी सिम जारी कर बेचे जाने की जानकारी सामने आई है। पकड़े गए गिरोह के सदस्यों में आर्यन डिक्सेना, नंद किशोर डिक्सेना, धीरेंद्र यादव, शिवम श्रीवास, नरेश यादव, प्रयाग डिक्सेना, चित्रांश अनंत, प्रदीप यादव शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 7 नग मोबाइल फोन, एक नग फिंगर स्कैनर, 53 नग ब्लैंक मोबाइल सिम कार्ड को जब्त किया है।

# प्राणघातक हमले में घायल की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवापारा गांव में धारदार हथियार के हमले में गंभीर रुप से घायल रामसिंह कंवर ईलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि उरगा थाना क्षेत्र के नवापारा निवासी राम सिंह कंवर 60 वर्ष पर रविवार की रात अज्ञात व्यक्तियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया था। सोमवार की सुबह जब परिजन नींद से जागे तो उन्होंने देखा कि राम सिंह कंवर घर के बाहर लहु लूहान अवस्था में बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था जिसे देख परिजनों ने आनन फानन में रामसिंह कंवर को गंभीरावस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान मंगलवार की देर शाम रामसिंह की मौत हो गई। उरगा पुलिस ने इस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश कर रही है। ज्ञात रहे कि 60 वर्षीय राम सिंह कंवर अपने पुराना मकान तोडक़र नया मकान बना रहा था, जहां घर बनाने के लिए घर के बाहर ईंट, रेत,सीमेंट और सरिया रखा हुआ था। उसकी रखवाली करने के लिए वह घर के बाहर सो रहा था। अज्ञात लोगों ने रविवार की देर रात उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। अब इलाज के बाद उसकी मौत हो गई है।

# रिटायर्ड मैनेजर के घर चोरों ने बोला धावा, पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक परिवार इलाज करने के लिए रायपुर गए हुए थे, इस दौरान सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने मकान में धावा बोलकर मकान में रखे कीमती सामानों सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। चोरी की घटना सामने आने पर पुलिस के अफसर मौके पर पहुंचे थे, जहां पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। चोरों ने मकान में कितने की चोरी की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मकान मालिक के आने के बाद ही यह साफ होगा। फिलहाल पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर अपराधियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रिस्दी बस्ती में हुई चोरी की वारदात

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिस्दी-बालको रोड निवासी बालको से सेवानिवृत्त हुए मैनेजर आरपी राठौर इलाज कराने के लिए सपरिवार विगत एक सप्ताह से रायपुर गए हुए हैं। इस दौरान उसके सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी रकम चोरी कर ली। बुधवार की सुबह जब पड़ोस में रहने वाले लोगों को भनक लगी तो आरपी राठौर के मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस के अफसरों को दी गई। चोरी की सूचना पाते ही नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, सिविल लाईन थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची थी, जहां पुलिस ने घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया है, लेकिन पुलिस को चोरों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। बताया जाता है कि मकान श्री राठौर को भी उनके मकान में चोरी की सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही स्पष्ट हो पाया कि उनके मकान से चोरों ने क्या क्या सामानों की चोरी की है। मामले को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना के मोबाइल पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। जिससे स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चोरों ने किन किन सामानों की चोरी की है। अब देखना है कि सिविल लाइन पुलिस इस चोरी के मामले को कब तक सुलझा पाती है।



घटना स्थल की जांच करती पुलिस।



चोरों ने इस तरह दीवान का स ामान किया अस्त व्यस्त।

### चोरों ने दो कमरों को बनाया

चोरों ने घर के भीतर घुसकर अलमारी के लॉकर और दीवान को तोड़कर सामानों की चोरी कर ली। फिलहाल चोरी के सामान की जानकारी परिवार के घर पहुंचने के बाद ही मिल सकेगी। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और घटना की जांच कर रही है। यह चोरी की घटना 24 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी वारदात है, जिसके बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस इस समय चोरों के सुराग जुटाने में लगी है और इलाके के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

# विजय जुलूस के बाद बिगड़ी तबीयत नवनिर्वाचित महिला सरपंच की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



तीसरे चरण में हुए चुनाव में ग्राम पंचायत जाटा से विजयी हुई नवनिर्वाचित सरपंच ने दो दिनों तक विजय रैली में शामिल होकर जनता का आभार जताया। इस दौरान जनता ने ना केवल उसका फूलमालाओं से स्वागत किया बल्कि घर घर आरती भी उतारी, लेकिन इसके बाद तीसरे दिन उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। नवनिर्वाचित सरपंच के आकस्मिक निधन का समाचार सुनते ही ग्रामीण स्तब्ध रह गए।

बलौदा ब्लॉक के अंतिम पूर्वी छोर में स्थित ग्राम पंचायत जाटा बहेराडीह के नवनिर्वाचित महिला सरपंच भगवती चंद्रकुमार मरकाम की अचानक तबीयत बिगड़ने पर बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल में ईलाज के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई। घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। दुःख की खबर से पूरा गांव शोक में है। बताया जाता है कि रविवार 23 फरवरी को ग्राम पंचायत जाटा में पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ। इसमें भगवती चंद्रकुमार मरकाम ने अपनी जीत दर्ज की। जीत के बाद नवनिर्वाचित सरपंच के घर बधाई देने का तांता लग गया। पूरे घर परिवार और समर्थकों में उत्साह का माहौल था। चुनाव परिणाम आने के बाद सोमवार 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे बहेराडीह गांव में विजय रैली निकाली गई। रैली के दौरान गांव के प्रत्येक घरों में उनके स्वागत के लिए आरती सजी हुई थी और महिलाओं ने आरती के साथ श्रीफल भेंट कर तथा गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच ने गांव के ग्रामीणों तथा माता भुवनेश्वरी मंदिर पहुँच कर आशीर्वाद लिया था।

# कर्मचारियों के लिए मेडिकल कैशलेश सुविधा

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ मेडिकल कैशलेस कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय सदस्यों ने शासन से कर्मचारी एवं उनके सदस्यों के लिए मेडिकल कैशलेश सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। संगठन के द्वारा समय-समय पर शासन को ज्ञापन सौंप कर पोस्टकार्ड अभियान व ट्विटर के माध्यम से लगातार मेडिकल कैशलेश सुविधा की मांग की जानकारी प्रेषित की जाती रही है। साथ ही इसके तहत छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को इलाज हेतु शामिल करने व भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों की तरह कैशलेश देने की मांग की गई है। शासन की ओर से मेडिकल प्रतिपूर्ति सुविधा टेढ़ी खीर है जिसमें खर्च राशि का 60% हिस्सा ही प्राप्त होता है। खुद के जेब से खर्च की गई राशि के लिए कर्मचारियों को सालों तक ऑफिसों का चक्कर लगाना पड़ता है। लेकिन कभी-कभी यह राशि प्राप्त भी नहीं होती। मंहगाई के इस समय में इलाज जैसी सुविधाएं काफी महंगी हो चुकी हैं, कभी इलाज के लिए बच्चों की पढ़ाई के लिए व विवाह के लिए जोड़े हुए पैसों को खर्च करना पड़ता है। अक्सर देखने को मिलता है कि लोगों को कर्ज लेना पड़ता है या अपनी जमीन भी बेचनी पड़ती है। ऐसे में संगठन ने मांग करते हुए कहा कि कर्चारियों को ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाएं जिसमें इलाज का सारा खर्च शासन की ओर से वहन किया जाए। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन सरकार का गठन हो चुका है तथा मोदी की गारंटी के तहत महिला, किसान सहित विभिन्न वर्गों के हित में आदेश जारी किए जा रहे हैं।

## विजयी प्रत्याशियों को किया गया प्रमाण पत्र का वितरण

# तीनों जिपं क्षेत्रों में बीजेपी का दबदबा, अनीला 6 हजार मतों से जीतीं

**पथरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत पथरिया में हुए तृतीय चरण के मतदान के परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिए गए। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर निष्ठा पांडेय तिवारी ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के नाम की घोषणा की और उन्हें प्रमाण पत्र देकर बधाई दी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उपसंचालक भूमिका देसाई ने बताया कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 लौदा से संतोषी परमेश्वरी ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 11 जुनवानी से अनिला देवेन्द्र राजपूत और क्षेत्र क्रमांक 12 मोहभट्ठा से अंबालिका साहू विजयी हुई हैं।

**तीनों जिपं क्षेत्रों में कांग्रेस की हार-** पथरिया जनपद क्षेत्र के तीनों जिला पंचायत मे बीजेपी के उम्मीदरो ने जीत दर्ज की है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 जूनवानी से भाजपा प्रत्याशी अनीला देवेंद्र सिंह राजपूत ने 18 हजार वोट पाकर अपनी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित प्रत्यशी जागेश्वरी घनश्याम वर्मा को लगभग 6 हजार वोटों से हराया। वहीं जिला क्षेत्र क्रमांक 12 मोहभट्टा में कांग्रेस से बीजेपी में आई अंबालिका साहू 12 ने 6 सौ 40 वोट पाकर लगभग 1807 वोटों से जीत दर्ज की। बता दें कि अम्बालिका पिछले चुनाव में भी मोहभट्ठा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीती थीं और विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गई थीं। इस बार भाजपा ने फिर भरोसा जताया और अम्बालिका ने क्षेत्र में अपना जनाधार साबित कर दिया इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 10 लौदा से बीजेपी की संतोषी परमेश्वरी ठाकुर ने 9 हजार 9 सौ 16 मत पाकर 1131 वोटों से विजयी हुईं।



विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र देते अफसर।

### भाजपा के संगठनात्मक कुशलता की जीत

क्षेत्र में यह चर्चा है कि भाजपा उम्मीदवार अनिता देवेंद्र राजपूत की जीत के पीछे क्षेत्र के पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा सहित पथरिया नगर पंचायत के भाजपा नेताओं और ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के संगठित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रमाण पत्र वितरण मे भाजपा जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिशंकर, भाजपा नेता जसपाल छाबड़ा, पार्षद मनोज पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रघु वैष्णव, पार्षद ओमू दीवान, पार्षद मेलाराम डडसेना, युवा नेता युगल राजपूत मौजूद रहें।

### ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**कोरबा।** जिले के सीमावर्ती एवं मोरगा चौकी क्षेत्र के पहुंच विहीन ग्राम उचलेंगा में बुधवार को एक 45 वर्षीय अधेड़ पर हमला कर दिया। हमले में चमरुलाल पिता दीला गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति जंगल गया हुआ था तभी अचानक भालू से उसका सामना हो गया। किसी तरह वह भालू से छुटकारा पाकर वहां से भागकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद इसकी सूचना उसने अपने परिजनों को दी।

### आग से हजारों का सामान जलकर खाक

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 रामपुर बस्ती के एक मकान में शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर बस्ती में रामेश्वर दास का परिवार निवासरत है। बुधवार की सुबह रामेश्वर दास रोज की तरह काम करने गया हुआ था। रामेश्वर दास का पुत्र किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। बुधवार की दोपहर लगभग 1 बजे अचानक घर से धुआं निकलते देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी सिविल लाइन थाना पुलिस व डायल 112 के टीम को दी।